हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, शनिवार 5 अप्रैल 2025



### उत्तर नहीं आने पर लिख रहे प्रश्न ही

शिक्षकों ने बताया, औसत दर्जे के विद्यार्थी किसी प्रश्न का उत्तर नहीं आने पर उसे रिक्त छोड़ देते हैं, लेकिन कमजोर विद्यार्थी किसी प्रश्न का उत्तर नहीं आने पर प्रश्न को ही कई बाद लिख देते हैं। संभवतः उनके मन में यह धारणा रहती होगी कि शिक्षक उत्तर पूरा नहीं पढ़ेंगे। यही कारण है कि वे ऐसा करते हैं। गौरतलब है कि दसवी के 3 लाख 30 हजार तथा बारहवीं के 2 लाख 40 हजार छात्रों की उत्तरपुस्तिकाएं अप्रैल तक चांजने का लक्ष्य रखा गया है।

## वायरल होने का खौफ... छात्र इमोशनल नोट्स से कर रहे तौबा, छोटे बच्चे बना रहे इमोजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मेरी शादी होने वाली है प्लीज मुझे पास कर दीजिए, मैं गरीब हूं, आपको भगवान की कसम पास कर दीजिए... इस तरह के इमोशनल नोट्स अब उत्तरपुस्तिकाओं में मिलने बंद हो गए हैं। छात्र अब किफायती हो गए हैं, इसलिए उत्तरपुस्तिकाओं में वे पैसे भी नहीं दबा रहे हैं। इसके स्थान पर छात्रों ने इमोजी की मदद ली है। ये वे ही इमोजी हैं, जो व्हॉट्सऐप चैट के दौरान मैसेज रूप में भेजे जाते ⏭ शेष पेज 13 पर

### वायरल होती रही हैं उत्तरपुस्तिकाएं

सोशल साइट्स के दौर में कई ऐसी उत्तरपुस्तिकाएं वायरल होती रही हैं, जिसमें छात्रों द्वारा प्रश्न के उत्तर की जगह कई तरह की अन्य बातें लिखी होती हैं। इनमें से कुछ रिल्स ⏭ शेष पेज 13 पर



- प्रदेश के 36 परीक्षा केंद्रों में जारी है बोर्ड कक्षाओं का मूल्यांकन
- मूल्यांकनकर्ताओं को भावुक करने छात्रों ने बदला पैटर्न, अब व्हॉट्सऐप वाले इमोजी की शरण

### नवरात्रि विशेष



#### अष्टमीः महागौरी

महागौरी देवी भगवती का आठवां स्वरूप है । आठवें नवरात्रि को माता के महागौरी स्वरुप की आराधना का विधान है। महागौरी ही देवी शाकुंभरी, दुर्गा, त्रिनेत्री, मन्शा, चंडी और शताक्षी हैं । देवी महागौरी ने पार्वती रुप में महादेव को पति के रुप पाने के लिए कठोर तपस्या की थी। इससे उनका शरीर कृष्णवर्णी हो गया । इस तपस्या से प्रसन्न होकर महादेव ने इनके शरीर पर पावन गंगाजल की धारा डाली। फौरन महामाता विद्युतप्रभा के समान कांतिमान गौरवर्ण की ही गई। तभी से इनका नाम महागौरी पड़ा। महादेव से दैवी शक्तियों हासिल करने के बाद महागौरी ने शुंभ-निशुंभ, चंड-मुंड, रक्तबीज आदि दैत्यों का संहार किया। इन्हें दुर्गा नाम भी दिया गया। महागौरी की उपमा शंख, चंद्र और कंद के फूल से की गई है। इनके समस्त वस्त्र, आभूषण आदि श्वेत है। इनकी चार भुजाएं हैं और वाहन वृषभ है। इनकी मुद्रा अत्यंत शांत है। मां की शक्ति अमोघ फल दने वाली है। माता महागौरी मनुष्य की वृत्तियों को सत और प्रेरित करके असत का विनाश करती हैं। गृहस्थों के लिए तो महागौरी की पूजा विशेष मंगलकारी मानी जाती है। महागौरी का आराधना मंत्र है-

श्वेते वृषे समारूढ़ा श्वेताम्बरधरा शुचिः।
महागौरी शुभं दद्यान्महादेवप्रमोदया।।

### श्री शिवम में चोरी के मामले में पुलिस को मिली सफलता

## दो सौ सीसीटीवी कैमरे खंगाले, तब खुला राज, चार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पंडरी मुख्य मार्ग पर स्थित कपड़े के शोरूम श्री शिवम में फिल्मी स्टाइल में 30 लाख चोरी करने के आरोप में पुलिस ने चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में 3 रायपुर तथा एक राजनांदगांव का निवासी है। बदमाशों ने सोमवार-मंगलवार दरमियानी रात चोरी की घटना को अंजाम दिया था। चोरी करने घुसा चोर शोरूम के चौथे माले से रस्सी के सहारे नीचे उतरा था। पुलिस चोरी के मामले का आज खुलासा करेगी। पुलिस ने सीसीटीवी फूटेज तथा स्थानीय मुखबिरों की मदद से चोरों के बारे में जानकारी जुटाई।

चोरी के आरोप में पुलिस ने जिन चार लोगों को गिरफ्तार किया है। उनमें एक चोर श्री शिवम के पास दुकान में काम करने वाला कर्मचारी है। बताया जा रहा है, वही इस चोरी का मास्टर माइंड था। उसने अपने अन्य साथियों के साथ पूरी प्लानिंग के साथ चोरी की घटना को अंजाम दिया है।

### आरोपियों में तीन रायपुर, एक राजनांदगांव निवासी, चोरों से आधी रकम बरामद


शिवम से फिल्मी स्टाइल में 30 लाख उड़ाने वाला सीसीटीवी में कैद, दो से तीन बदमाश थे शामिल

#### कैमरों की पड़ताल के बाद धरे गए बदमाश

पुलिस ने चोरों की पहचान के लिए घटनास्थल के अलावा पंडरी पुराना बस स्टैंड जाने वाले मार्ग, रेलवे स्टेशन तथा जयस्तंभ मार्ग पर लगे दो सौ से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल की, तब पुलिस को चोरों के बारे में जानकारी मिली। पुलिस ने एक संदिग्ध को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने पुलिस को पहले गुमराह करने की कोशिश की। सख्ती बरतने पर उसने अपने साथियों के साथ मिलकर चोरी की वारदात को अंजाम देना कबूल किया।

#### रेकी करने के बाद चोरी को दिया अंजाम

पुलिस जिसे चोरी का मास्टर माइंड बता रही है, वह एक माह से ज्यादा समय तक दुकान की रेकी कर रहा था। इसके बाद उसने चोरी की प्लानिंग की। साथ ही दुकान में सीसीटीवी कैमरे कितने हैं, इसकी अपने स्तर पर जानकारी जुटाई। उसने पता किया कि चोरी के लिए घुसने वाला चोर शोरूम के बंद होने के पहले शोरूम के अंदर कैसे छिप सकता है। इसी दौरान उसे दुकान के एक माले पर किसी की ज्यादा आवाजाही नहीं होने की जानकारी मिली। इसके बाद उसने अपने साथी को बुर्का पहनकर महिला की वेश में शोरूम बंद होने के आधा से एक घंटे पूर्व खरीदी करने जाने के लिए कहा और वॉशरूम जाने का बहाना कर शोरूम के अंदर छिपने की जगह बताई।







शानदार द्वितीय वर्ष
जय श्रीराम
जयश्री राम
चलो चलें
भक्ति -भाव लेकर
प्रभु रामलला के घर
राम नवमी के शुभ अवसर पर प्रभु श्री राम जी के ननिहाल छत्तीसगढ़ से उनके घर अयोध्या धाम तक की भक्तिमय यात्रा प्रवीण झा रामभक्त के नेतृत्व में 1008 भक्तों को रामलला के दर्शन का शानदार द्वितीय वर्ष...
नि:शुल्क अयोध्या यात्रा
05 अप्रैल 2025 | सुबह 11 बजे | पुलिस ग्राउंड, बिलासपुर
प्रतिवर्ष 1008 दर्शनार्थियों का जत्था
प्रवीण झा
समाजसेवी
राम प्रताप सिंह
ललित पुजारा
ए.के. कंठ
त्रिभुवन सिंह
रिंकू मित्रा
उचित सूद
राजीव अग्रवाल
संजय द्विवेदी
रौशन सिंह
मुकेश झा
संतोष चौहान
संतोष सिंह
सनद पटेल
अजीत पंडित
चन्द्रकिशोर प्रसाद
सन्नी गिरी
योगेश बोले
प्रणव विश्वकर्मा
द्विव्यांश झा
जयदीप घोष
सागर साहू
राकेश राय
व्ही. वेंकट नायडू
अशोक पाण्डेय
निहारिका त्रिपाठी
निभा दास
राज कुमार जैशवानी
सूरज कौशिक
सुभम राय
निशांत श्रीवास्तव
अभिषेक साहू
शैलेन्द्र सिंह
रूपेश कुशवाहा
सौजन्य - प्रवीण झा, समाजसेवी, बिलासपुर (छ.ग.)
AdPRAYAS

## खबर संक्षेप



### कायस्थ समाज ने किया श्रीवास्तव का अभिनंदन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कायस्थ समाजजन नागरिक आपूर्ति निगम के नवनियुक्त अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव को बधाई व शुभकामनाएं देने उनके निवास पर शुक्रवार को अपरान्ह 12 बजे पहुंचे। उपस्थितजनों ने कहा कि इससे कायस्थ समाज गौरवान्वित हुआ है। आप राजनीति में उन्नति करें, कहीं न कहीं समाज को इससे प्रेरणा और पहचान मिलेगी। इस दौरान रज्जन श्रीवास्तव, प्रमोद खरे, प्रदीप वर्मा, अशोक श्रीवास्तव, दिलीप वर्मा, विवेक श्रीवास्तव, राकेश वर्मा, अमित श्रीवास्तव, संदीप वर्मा, निर्मल निगम, यतीश श्रीवास्तव, आयुष श्रीवास्तव, विनीता श्रीवास्तव, सुषमा श्रीवास्तव एवं अमृता श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

### एड एजेंसी एसोसिएशन ने महापौर से की सौजन्य भेंट



**रायपुर।** एडवरटाइजिंग एजेंसीज एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ ने एसोसिएशन के संरक्षक शिवाजी मथानी, अजय जैन के नेतृत्व में रायपुर की नवनिर्वाचित महापौर मीनल चौबे से सौजन्य मुलाकात कर उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर अध्यक्ष ओंकार सिंह, महासचिव अफसर खान, राजेश दुग्गड़, इंदिरा जैन, मनमोहन पारख, प्रबोध जैन, विजय घोष, वैभव जैन इत्यादि उपस्थित थे।

### कृष्णा को पीएचडी

**रायपुर।** पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय द्वारा शोधार्थी कृष्णा



कुर्रे को भूगोल विषय में पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। उनका शोध 'छत्तीसगढ़ राज्य के उत्तर बस्तर कांकेर जिले के कालिक बाजार : एक भौगोलिक विश्लेषण' पर आधारित था। उन्होंने अपना शोध कार्य प्रो.अनुसुइया बघेल के निर्देशन में पूर्ण किया। बिलाईगढ़ जिले के ग्राम कोसमकुंडा निवासी है कृष्णा ने भूगोल विषय में एम.फिल, बीएड और बी.लिब की उपाधि प्राप्त करने के साथ नेट, सेट, सीजी टेट, सी टेट भी क्वालिफाई किया है।

### होम्योपैथी शिविर आज निशुल्क होगी जांच

**रायपुर।** शनिवार को शाम 5 से 9 बजे तक रामनवमी और हैनीमैन जयंती के उपलक्ष्य में होमियोपैथिक डेवलपमेंट एवं रिसर्च एसोसिएशन की ओर से फ्री होम्योपैथी चिकित्सा शिविर का आयोजन राम मंदिर तेलीबांधा वीआईपी चौक पर किया जा रहा है। इस अवसर पर अनुभवी चिकित्सक सेवा देंगे, इसके अलावा निशुल्क जांच भी की जाएगी। यह जानकारी एसोसिएशन की अध्यक्ष डॉ. ऋतु पांडे एवं कोषाध्यक्ष डॉ. हर्षिता मेहता ने दी।

### सोनकर पारा में ज्योति-जंवारा, पूर्णाहुति आज

**रायपुर।** चैत्र नवरात्रि के अवसर पर देवबती सोनकर धर्मशाला के सामने सोनकर पारा में नौ दिवसीय ज्योति-जंवारा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। पूरे भक्तिभाव से मां दुर्गा की पूजा-अराधना की जा रही है। बुधवार को पंचमी के अवसर पर माता का श्रृंगार, आरती की गई। शनिवार 5 अप्रैल को महाअष्टमी पर हवन-पूजन किया जाएगा तथा पूर्णाहुति होगी। रविवार को रामनवमी एवं जंवारा विसर्जन किया जाएगा। आयोजकों में भगवानी सोनकर, नारायण सोनकर, दयाराम, विकास, राजेश, पुरुषोत्तम, बलराम सोनकर, विनोद, दुर्गेश सोनकर समेत अन्य शामिल हैं।

## निधन

### रोमनाथ यादव

**रायपुर।** पंडरीतराई रायपुर निवासी रोमनाथ यादव का निधन हो गया।



उनका अंतिम संस्कार देवेंद्रनगर मुक्तिधाम में किया गया। वे पार्वती यादव के पति और घनश्याम, सुनील, राकेश व नम्रता यादव के पिता थे। उनके निधन पर समाजजनों ने श्रद्धांजलि अर्पित की है।

# शिवनाथ एक्सप्रेस में 70 लाख की चोरी, सोए यात्री के गहने और अंगूठियां पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शिवनाथ एक्सप्रेस में गोंदिया से रायपुर के बीच सफर कर रहे पटेल दंपति का सोने के गहनों और नकद रकम से भरा बैग शुक्रवार को चोरी हो गया। बैग में लगभग 70 लाख रुपए की ज्वेलरी और नकद पैसे थे। यह घटना उस समय घटी, जब दंपति ट्रेन में सो रहे थे।

दुर्ग स्टेशन पर जब उनकी नींद खुली तो उन्हें बैग चोरी होने का एहसास हुआ। इसके बाद दंपति ने तत्काल भिलाई रेलवे पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, लेकिन रात तक चोर का कोई सुराग नहीं मिल पाया। आरपीएफ व जीआरपी सीसीटीवी फूटेज की मदद से मामले की गहन जांच कर रही है और जल्द ही आरोपी की पहचान की उम्मीद जताई जा रही है।

- सीसीटीवी फूटेज की मदद से आरपीएफ और जीआरपी मामले की कर रही गहन जांच
- गोंदिया से रायपुर आ रहे थे पटेल दंपति, दुर्ग में बैग चोरी का हुआ एहसास





गोंदिया की एक स्पेशल टीम मामले की जांच कर रही है। आरपीएफ के मुताबिक, चोरी की शिकार यात्री हिना दिनेश भाई पटेल राइस मिल कारोबारी हैं, जो अपने पति के साथ ट्रेन के बर्थ नंबर एसए 1, सीट नंबर 19-21 पर यात्रा कर रही थीं। ट्रेन के डोंगरगढ़ पास से गुजरने के दौरान यात्री ने अपने बैग को देखा था, लेकिन दुर्ग स्टेशन पर जब वह पर्स चेक किया तो वह गायब हो चुका था।

### दो डायमंड सेट, 4 अंगूठियां चोरी

यात्री के बैग में दो डायमंड सेट, चार सोने की अंगूठियां और 45 हजार रुपए नकद थे। यात्री ने बैग को अपने पास ही रखा था, लेकिन चोर ने यात्री की नींद का फायदा उठाकर मौका पाकर चोरी कर ली। दंपति गोंदिया से रायपुर होकर फ्लाइट के जरिए दिल्ली में अपनी बेटी से मिलने जा रहे थे। बताया जा रहा है कि डोंगरगढ़ से राजनांदगांव के बीच में यह चोरी हुई है। आरपीएफ हर एंगल से इस घटना की पड़ताल कर रही है। टीम मुखबिरी के जरिए भी जांच आगे बढ़ा रही है।

### चार दिन में 100 दुकानों का भौतिक सत्यापन

# राशन दुकानों में गड़बड़ी की जांच करने पहुंची टीम, खाद्यान्न भंडारण का भौतिक सत्यापन भी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

उचित मूल्य की दुकानों को आबंटित खाद्यान्न के भंडारण में किसी प्रकार की गड़बड़ी तो नहीं की जा रही है, इसके मद्देनजर रायपुर जिले में खाद्य विभाग द्वारा तैयार की गई जांच टीम द्वारा राशन दुकानों में भंडारण सामग्री का भौतिक सत्यापन किया जा रहा है।

इसके तहत राशन दुकान एवं उनके गोदाम में भंडारण किए गए चावल, शक्कर एवं नमक के स्टॉक की जानकारी ली जा रही है। साथ ही दुकानदारों द्वारा विभाग द्वारा जारी गाइड लाइन का पालन किया जा रहा है या नहीं, इसका भी निरीक्षण किया जा रहा है। दुकानों में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या नियमों का पालन नहीं करने की स्थिति में दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई होनी है। इधर खाद्य विभाग के अधिकारी के अनुसार जिले में अब तक 100 दुकानों का निरीक्षण किया जा चुका है।

**राशन दुकान संचालकों को हिदायत- नियम से करें संचालन**

### दुकानों की निगरानी की जा रही

राशन दुकानों में चावल और शक्कर के स्टॉक में गड़बड़ी करने के पूर्व में कई मामले सामने आ चुके हैं। वर्ष 2022 में 100 से अधिक राशन दुकानों में 14 हजार क्विंटल से अधिक चावल की गड़बड़ी भी की गई थी। इस मामले में कई राशन दुकानों के खिलाफ कार्रवाई भी की गई। इस मामले में ज्यादातर राशन दुकानदारों से गायब किए गए चावल के बदले राशि की वसूली की गई है, वहीं कुछ दुकानों को सस्पेंड तो कुछ दुकानदारों के खिलाफ एफआईआर भी कराई गई थी। इस तरह के मामलों को देखते हुए विभाग द्वारा राशन दुकानों का भौतिक सत्यापन कराकर सतर्कता बरतने के साथ दुकानों की निगरानी की जा रही है, ताकि कोई भी दुकानदार आबंटित किए गए खाद्यान्न में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी नहीं कर सके और नियमों के तहत दुकान का संचालन करे।



### गड़बड़ी मिलने पर की जाएगी कार्रवाई

खाद्य नागरिक आपूर्ति निगम एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के निर्देश के तहत जिले में सभी राशन दुकानों का भौतिक सत्यापन किया जा रहा है। अब तक 100 दुकानों का सत्यापन कर लिया गया है, शेष दुकानों का समय-सीमा के अंदर कर लिया जाएगा। सत्यापन के दौरान गड़बड़ी मिलने पर दुकानदार के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

- **भूपेंद्र मिश्रा,** खाद्य नियंत्रक रायपुर

### 10 अप्रैल तक किया जाना है दुकानों का भौतिक सत्यापन

खाद्य नागरिक आपूर्ति निगम एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के निर्देश के तहत जिले में 10 अप्रैल तक शत-प्रतिशत राशन दुकानों का भौतिक सत्यापन किया जाना है। सत्यापन का काम एक अप्रैल से शुरू हुआ है। जिले में 707 राशन दुकान हैं, जिनमें से 4 अप्रैल तक लगभग 100 दुकानों का सत्यापन कर लिया गया है। इस तरह शेष 6 सौ दुकानें और बची हुई हैं, जिनके यहां भौतिक सत्यापन किया जाना है। इस तरह विभाग के पास सत्यापन करने के लिए अब मात्र 6 दिन ही बचे हैं। इतने कम दिनों में सभी दुकानों का सत्यापन करना विभाग के लिए चुनौती से कम नहीं होगा। हालांकि विभागीय अधिकारियों का कहना है कि सत्यापन का काम समय सीमा में पूर्ण कर लिया जाएगा।

# जिस वार्ड में पेयजल की समस्या आएगी, वहां तत्काल भेजा जाएगा टैंकर



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- जल कार्य विभाग अध्यक्ष संतोष साहू ने जोन स्तर पर टैंकरों को तैयार रखने दिए निर्देश

गर्मी का सीजन जारी है। इस सीजन में सबसे ज्यादा पानी की दिक्कत होती है। इसे देखते हुए जलकार्य विभाग के अध्यक्ष संतोष साहू ने शुक्रवार को निगम क्षेत्र अंतर्गत जलविभाग के अभियंताओं एवं अधिकारियों की बैठक ली। इस बैठक में उन्होंने ग्रीष्मकालीन पेयजल व्यवस्था की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि किसी भी वार्ड में किसी भी मोहल्ले, बस्ती या कालोनी में पानी की सप्लाई प्रभावित या दिक्कत आती है, तो तत्काल जोन स्तर पर उन स्थानों पर पानी टैंकर भेजा जाए। इसके लिए सभी टैंकरों को तैयार रखें। बैठक में कार्यपालन अभियंता जल नरसिंह फरेंद्र भी उपस्थित थे।

### प्रभावित क्षेत्रों की सूची निगम मुख्यालय सहित गुगल शीट में अपडेट करने के निर्देश

संतोष साहू ने बैठक में अधिकारियों से कहा कि ग्रीष्मकालीन पेयजल के लिए सभी जोन से समन्वय बनाकर प्रभावित क्षेत्रों में टैंकर पहुंचाने की चिन्हित सूची निगम मुख्यालय दें तथा उस सूची को निरंतर गुगल शीट में भी अपडेट करें, ताकि इसकी जल कार्य विभाग और निगम के उच्चाधिकारियों द्वारा मॉनिटरिंग और समीक्षा की जा सके। उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों में पानी पहुंचाने के कार्य का सत्यापन अभियंता द्वारा किये जाने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रत्येक टैंकर की रसीद काटकर देने के निर्देश दिए।

# परीक्षा दिलाने से चूके खिलाड़ी छात्रों के पर्चे 7 से

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने मुख्य परीक्षाओं के दौरान खेल आयोजनों में भाग लेने वाले छात्रों के लिए बोर्ड परीक्षा 2025 की तारीखों का ऐलान कर दिया है। बोर्ड की ओर से जारी नोटिस के अनुसार, स्पोर्ट्स के छात्रों के लिए सीबीएसई कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा 7 से 11 अप्रैल तक आयोजित की जाएगी, जबकि 12वीं की बोर्ड परीक्षा 11 अप्रैल को आयोजित की जाएगी।

बोर्ड ने अपने आधिकारिक नोटिस में कहा, यह सूचित किया जाता है कि बोर्ड ने अनुमोदित योजना के अनुसार मुख्य परीक्षा 2024-25 के आयोजन के दौरान राष्ट्रीय अथवा अंतर्राष्ट्रीय खेल स्पर्धाओं में भाग लेने वाले छात्रों के लिए विशेष परीक्षा की तिथि पत्र तैयार कर लिया है। दसवीं कक्षा के लिए परीक्षाएं 7 अप्रैल से शुरू होकर 11 अप्रैल तक चलेंगी और बारहवीं कक्षा के लिए परीक्षाएं 11 अप्रैल को आयोजित की जाएंगी।

**10वीं-12वीं की विशेष समय-सारिणी जारी**



### स्कूल डाउनलोड कर सकते हैं नए प्रवेश पत्र

बोर्ड ने बताया कि ऐसे उम्मीदवारों को 2025 में कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं उसी परीक्षा केंद्र पर देनी होंगी, जो उन्हें पहले आवंटित किया गया था। स्कूल इन छात्रों के लिए नए सीबीएसई एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। गौरतलब है कि सीबीएसई ने 10 वीं बोर्ड परीक्षा 15 फरवरी से 18 मार्च तक आयोजित की, जबकि 12वीं बोर्ड परीक्षा 15 फरवरी से 4 अप्रैल तक आयोजित की गई। शुरुआती चरण में जिन विषयों की परीक्षाएं हुईं, उनका मूल्यांकन कार्य भी प्रारंभ किया जा चुका है।

# साधना साहू निर्विरोध जोन 3 की अध्यक्ष बनीं



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर नगर निगम जोन-3 के अध्यक्ष पद के लिए भी चुनाव कराने की जरूरत नहीं पड़ी। भाजपा ने पार्षद साधना साहू को इस पद के लिए प्रत्याशी घोषित किया था। इस चुनाव में उनके अलावा किसी ने नामांकन नहीं भरा था, इसलिए उन्हें निर्विरोध अध्यक्ष चुन लिया गया।

जोन-3 अध्यक्ष पद के लिए शुक्रवार को चुनाव था। इस चुनाव में मात्र भाजपा प्रत्याशी साधना साहू ने नामांकन दाखिल किया। इसके अलावा चुनाव में और किसी ने नामांकन दाखिल नहीं किया। इस कारण साधना साहू को निर्विरोध अध्यक्ष पद पर निर्वाचित घोषित किया गया। जोन कमिश्नर विवेकानंद दुबे ने उन्हें निर्वाचन का प्रमाण पत्र सौंपा। इस अवसर पर विशेष रूप से महापौर मीनल चौबे, सभापति सूर्यकांत राठौड़, एमआईसी सदस्य संतोष साहू, पूर्व जोन अध्यक्ष डॉ.प्रमोद साहू, पार्षदगण प्रदीप वर्मा, महेश ध्रुव, कैलाश बेहरा, राजेश गुप्ता, पुष्पा रोहित साहू, निगम अपर आयुक्त विनोद, पांडेय सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

इस दौरान साधना साहू के समर्थकों ने पटाखे फोड़कर आतिशबाजी की तथा एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर इसका जश्न मनाया।

# जिस स्कूल को चुना यूपीएससी ने, उसे ही व्यापम ने बना दिया अपना सेंटर, अब बदला केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

व्यापम को 13 अप्रैल को होने वाली सांख्यिकी अधिकारी भर्ती परीक्षा के परीक्षा केंद्र में बदलाव करना पड़ा है। यह स्थिति बिलासपुर के एक परीक्षा केंद्र के साथ निर्मित हुई है। दरअसल, व्यापम ने उसी विद्यालय को कृषि संचालनालय के अंतर्गत होने वाली सहायक सांख्यिकी अधिकारी भर्ती परीक्षा के लिए केंद्र बना लिया था, जिसका चुनाव यूपीएससी ने किया था। इसकी सूचना संबंधित केंद्र द्वारा दिए जाने के बाद इसमें बदलाव किया गया है।

- व्यापम ने शुक्रवार को थोक में जारी किए परीक्षा परिणाम व मॉडल आंसर
- सहायक सांख्यिकी अधिकारी भर्ती परीक्षा के प्रवेशपत्र अपलोड

बिलासपुर जिले के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नूतन चौक सरकंडा को केंद्र बनाया गया था। इसके स्थान पर अब शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिंगराजपारा को केंद्र बनाया गया है। व्यापम ने इससे संबंधित विस्तृत अधिसूचना वेबसाइट पर अपलोड करने के साथ ही कैंडिडेट्स के लिए नवीन प्रवेशपत्र भी अपलोड कर दिए हैं। अभ्यर्थियों से परीक्षा पूर्व नवीन केंद्र आधारित प्रवेशपत्र डाउनलोड करने कहा गया है।

### मत्स्य निरीक्षक के परिणाम इस माह

कृषि संचालनालय के अंतर्गत सहायक सांख्यिकी अधिकारी भर्ती परीक्षा के प्रवेश पत्र व्यापम ने जारी कर दिए है। यह परीक्षा 13 अप्रैल को आयोजित की जाएगी। अभ्यर्थी वेबसाइट के अलावा रजिस्टर्ड नंबर पर एसएमएस के जरिए भेजे गए यूआरल के माध्यम से




प्रवेशपत्र डाउनलोड कर सकते हैं। व्यापम ने परीक्षाओं के लिए हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया है। मछली पालन विभाग के अंतर्गत मत्स्य निरीक्षक की परीक्षा 23 मार्च को आयोजित की गई थी। इसके मॉडल आंसर शुक्रवार को जारी करते हुए 4 अप्रैल तक दावा आपत्ति मांगी गई थी। दावा-आपत्ति की अवधि समाप्त होने के बाद इस माह इसके परिणाम जारी किए जाने की संभावना है।

### बीएड-डीएलएड सहित नर्सिंग के आवेदन शुरू

बीएड और डीएलएड प्रवेश परीक्षाओं के लिए आवेदन 28 मार्च से प्रारंभ कर दिए गए हैं। अभ्यर्थी 25 अप्रैल तक आवेदन कर सकते हैं। परीक्षा 22 मई को आयोजित होगी। राजधानी रायपुर सहित 33 जिला मुख्यालयों में इसके लिए परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इसमें प्राप्त अंकों के आधार पर ही छात्रों को बीएड और डीएलएड पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रदान किया जाएगा। शिक्षा संबंधित पाठ्यक्रमों के साथ ही नर्सिंग पाठ्यक्रमों के लिए भी आवेदन शुरू कर दिए गए हैं। बीएससी नर्सिंग की परीक्षा 29 मई को आयोजित की जाएगी, जबकि एमएससी नर्सिंग और पोस्ट बेसिक नर्सिंग की प्रवेश परीक्षाएं 5 जून को निर्धारित है। नर्सिंग प्रवेश परीक्षाओं के लिए आवेदन 2 अप्रैल से प्रारंभ किए गए जा चुके हैं। छात्र 25 अप्रैल तक फॉर्म भर सकेंगे।

# अहाता का ठेका समाप्त पियक्कड़ों की आई शामत

- जानकारी के आभाव में पियक्कड़ चखना, गिलास पानी लेकर पहुंच रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

देशी के साथ अंग्रेजी शराब दुकान के पास संचालित अहाता का ठेका 31 मार्च को समाप्त हो गया है। इसकी जानकारी शराब पीने वाले ज्यादातर लोगों को नहीं है। इनमें ज्यादातर मजदूर वर्ग के शराब पीने वाले लोग शामिल हैं। जिन लोगों को अहाता का ठेका समाप्त होने की जानकारी नहीं है, वे अब भी शराब पीने अहाता पहुंच रहे। ऐसे में पुलिस ऐसे लोगों के खिलाफ सार्वजनिक जगह पर शराब पीने का अपराध दर्ज कर थाना ला रही है।

अहाता का नए सिरे से ठेका देने की प्रक्रिया चल रही है। पूर्व में जो ठेका संचालित हो रहा था, वहां अब भी ठेकेदार का अहाता का स्ट्रक्चर खड़ा है। ऐसे में ठेका बंद होने की जानकारी के अभाव में मजदूर वर्ग के लोग अहाता में शराब पीने पहुंच रहे हैं। ठेका बंद होने की वजह से खाली जगह पर मजदूर चखना, पानी, गिलास लेकर अहाता के पास बैठकर शराब पी रहे हैं। पुलिस द्वारा पकड़ कर ले जाने की स्थिति में ऐसे लोगों के खिलाफ कोर्ट में जुर्माना पटाने के साथ मौके पर मामला सलटाने कार्रवाई करने पहुंचे पुलिसकर्मी की अलग से सेवा सत्कार करनी पड़ रही है।

**अहाता में पीने पहुंच रहे पियक्कड़ों को पुलिस पकड़ रही**



फाइल फोटो

# लोन दिलाने का झांसा देकर करोड़ों की ठगी, छह गिरफ्तार

- ढाई सौ से ज्यादा लोगों के साथ की है 50 करोड़ से ज्यादा की ठगी
- चिटफंड कंपनी की तर्ज पर बैंक से लोन पास करवाकर कर रहे थे ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

चिटफंड कंपनी की तर्ज पर ठगी करने के आरोप में पुलिस ने आधा दर्जन जालसाजों को गिरफ्तार किया है। जालसाजों ने ठगी करने छोटापारा स्थित डीएम प्लाजा में ऑफिस खोलकर लोगों को ठगी का शिकार बनाया।

जालसाजों ने लोगों को लोन पास कराने तथा लोन से प्राप्त आधी रकम को अपने कंपनी में निवेश करने पर पूरी लोन की राशि जमा करने का झांसा देकर ठगी का शिकार बनाया। जालसाजों ने ढाई से ज्यादा लोगों के साथ 50 करोड़ रुपए से ज्यादा की ठगी की है। कोतवाली पुलिस ने ठगी करने के आरोप में ठगी के मास्टर माइंड अभय कुमार गुप्ता उर्फ अभयकांत गुशी, सुरेंद्र सिंह करियाम, मनोज कुमार भगत, रागिब हुसैन उर्फ वासु, विभा वर्मा तथा पूजा यादव को गिरफ्तार किया है। जालसाज आरवी ग्रुप





के नाम से कंपनी संचालित कर रहे थे। कंपनी का किसी तरह से पंजीयन नहीं हुआ है। जालसाज गुमाश्ता लाइसेंस लेकर कंपनी संचालित कर रहे थे। जालसाजों ने कितने की ठगी की है, इसके लिए पुलिस ट्रांजेक्शन डिटेल लेकर जांच करने की बात कह रही है।

### ऐसे करते थे ठगी

थाने में ठगी की शिकायत दर्ज कराने वाले त्रिभुवन सिंह ने पुलिस को बताया है कि जालसाज ग्राहकों को अपने जाल में फंसाने के लिए लोन दिलाने के नाम पर पहले उनके दस्तावेज हासिल करते थे। इसके बाद उन लोगों के लिए अलग-अलग बैंक से लोन पास कराते थे। लोन पास कराने के बाद जालसाज अपने ग्रुप में लोन की 50 प्रतिशत राशि निवेश करने पर उनकी ईएमआई फर्म द्वारा भरे जाने का आश्वासन देते थे। कुछ महीनों तक मासिक किस्त जमा कर विश्वास हासिल करते थे। बाद में किस्त की राशि जमा करना बंद कर लोगों को ठगी का शिकार बनाया।

## खबर संक्षेप

### बगदाई माता मंदिर में भागवत कथा जारी



**तिल्दा नेवरा।** चैत्र नवरात्रि पर्व पर बगदाई माता मंदिर सरोरा मार्ग पर श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन चल रहा है। इसके कथाकार मयंक तिवारी वृन्दावन वाले है। कथा का समय दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक है। वहीं कथा का रसपान करने भारी संख्या में श्रद्धालु रोज पहुंच रहे है।

### रेलव स्टेशन उपभोक्ता समिति के प्रदीप शर्मा सदस्य मनोनीत

**अभनपुर।** रेलवे रायपुर मंडल के स्टेशनों मे स्टेशन उपभोक्ता



सलाहकार समिति का गठन किया गया है जिसमे अभनपुर के प्रदीप शर्मा को उपभोक्ता सलाहकार समिति का सदस्य बनाया गया है। स्टेशनो मे आमजनता से संबंधित सुविधाये व समस्याओ से संबंधित सुझाव रेलवे रायपुर मंडल मे रख सकेगे,उनके नियुक्ति पर संतोष शुक्ला,अनिल अग्रवाल,संचित तिवारी,दिलीप अग्रवाल,किशन शर्मा,वरूण गांधी,रूपनारायण साहू,मीना साहू,पप्पू सिंह,मुरारी वैष्णव,गोपाल साहू,अनिल साहू,डॉ लीलाराम साहू,नेहरू साहू आदि लोगो ने बधाई प्रेषित किया है।

### रेलवे सलाहकार समिति में दिलीप मनोनीत

**तिल्दा नेवरा।** दक्षिण पूर्व मध्य



रेलवे द्वारा रायपुर मंडल के रेलवे स्टेशनों में परामर्शदात्री सलाहकार समिति का गठन किया गया है। इसी परिपेक्ष्य में तिल्दा नेवरा रेलवे स्टेशन में भी सलाहकार समिति का गठन किया गया है। जिसमें तिल्दा नेवरा के पत्रकार दिलीप वर्मा को भी सदस्य बनाया गया है। अन्य सदस्यों में संजय भोजवानी, सुरेश शर्मा, राजकुमार गेंदें, और स्वप्निल श्रीवास्तव की नियुक्ति की गई है। उक्त नियुक्ति पश्चात दिलीप वर्मा सहित सभी सदस्यों ने रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, रेल जोनल कमेटी के प्रति आभार जताया है। साथ ही तिल्दा नेवरा शहर व क्षेत्रवासियों ने हर्ष व्यक्त कर सभी सदस्यों को बधाई दी है।

### रामायण समारोह का विसर्जन कल

**आरंग।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी भगवान रामचन्द्र जी के असीम कृपा से ग्राम तोड़गाव में गुरुवार से प्रारम्भ हुई अखण्ड तीन दिवसीय रामायण समारोह का समापन रविवार को होगा।

### रायखेड़ा स्कूल का किया एसडीएम ने निरीक्षण

**तिल्दा नेवरा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रायखेड़ा का एसडीएम आशुतोष देवांगन एवं सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री एल के जाहिरे सर के द्वारा औचक निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान विद्यालय की समग्र शैक्षणिक व्यवस्था का जायजा लिया गया और छात्र-छात्राओं की पढ़ाई की स्थिति को भी परखा। जिसमें कक्षा 8 वी व 5 वी का केंद्रीयकृत परीक्षा का निरीक्षण करते हुए ,कक्षा में उपस्थित विद्यार्थियों की संख्या,शाला भवन की स्थिति, पेयजल सुविधा, कक्षा संचालन का समय सारणी, मध्यान भोजन ,शिक्षकों की उपस्थिति पर चर्चा किया गया।

## निधन

### श्यामलाल साहू

**अभनपुर।** ग्राम मानिकचौरी के गौटिया श्याम लाल साहू (85)



निधन हो गया। वे छग शासन के पूर्व कृषि मंत्री चंन्द्रशेखर साहू के चाचा तथा थनेन्द्र साहू,हेमेन्द्र साहू व फनेन्द्र साहू के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार 4 अप्रैल शुक्रवार को उनके गृहग्राम मानिकचौरी मे किया गया। जिसमे सामाजिकजन और ग्रामवासी बड़ी संख्या मे शामिल हुये।

---

**हादसा :** हादसे में एक की मौके पर और दूसरे की अस्पताल में हुई मौत

# एनएच 130 पर कार की ठोकर से बाइक सवार दो की हुई मौत व कार गड्ढे में घुसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

- पुलिस ने कार की जब्त और घायल चालक को अस्पताल पहुंचाया
- सड़क के अधूरे निर्माण के कारण हो रहे हैं हादसे

अभनपुर राजिम मार्ग नेशनल हाईवे 130 सी गातापार नहर के पास 3 अप्रैल को शाम 7 बजे के करीब कार की ठोकर से मोटरसायकल सवार दो व्यक्तियो की दर्दनाक मौत हो गई। मिली जानकारी अनुसार अभनपुर मे टाईल्स फिटिंग का काम करने वाले भोजराज साहू 38 वर्ष निवासी भेंडरी तथा उसका



सहयोगी लक्की साहू उम्र 19 निवासी बजरंगपुर दोनो व्यक्ति एक ही मोटरसायकिल से घर जा रहे थे। गातापार नहर के समीप सामने से आ रही कार क्रंमाक सीजी 04 एनके 3234 के जबदस्त ठोकर से भोजराज साहू को गंभीर चोट आने से वह घटना स्थल पर ही दम तोड़ दिया वही लक्की साहू को गंभीर अवस्था मे ही निजी अस्पताल सोनी मल्टी मे उपचार के लिए भर्ती किया गया जहां रात 2 बजे करीब उसकी भी मौत हो गई।

### कार चालक भी घायल

*कार की अत्यधिक स्पीड होने से अपने सही साइड मे चल रहे निर्दोश व्यक्तियो को ठोकर मारते हुये गढ्ढे मे जा घुसी,घटना की जानकारी मिलने पर अभनपुर पुलिस द्वारा घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था की गई तथा कार चालक के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर कार को जप्ती किया गया है,अभनपुर से राजिम मार्ग नेशनल हाईवे 130 सी पर कई जगह अधूरी निर्माण कार्य है निर्माणाधीन इस सडक़ मे ठेकेदार की लापरवाही के चलते कई दुर्घटनाये हो चुकी है बताया गया कि जिस स्थान पर इन दो व्यक्तियो की मौते हुई है वहां भी सडक़ निर्माणाधीन है नया सडक़ व पुराना सडक़ दोनो मिलती है तथा सुरक्षा की दृष्टिकोण से वहां पर कोई साइन बोर्ड नही लगाया गया है,विभागीय अधिकारी भी इस मामले मे गंभीर नही है,इसी विधानसभा सत्र मे राजिम विधायक द्वारा सडक़ निर्माण की जानकारी मांगी गई थी जिसमे मात्र 1.4 किलोमीटर निर्माण नही होने की जानकारी दी गई है,पीडब्लूडी विभाग के जवाबदार अधिकारियो द्वारा उच्च सदन को भी गलत जानकारी दी गई है कई जगह निर्माण कार्य अधूरे पड़े है,निर्दोष व्यक्ति दुर्घटना के शिकार हो रहे है।*

# अवैध प्लाटिंग पर कार्रवाई की मांग की पार्षद ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| चंदखुरी

राजधानी रायपुर से लगे नगर पालिका परिषद मंदिर हसौद में स्थित वार्ड नंबर 10 नोनी नगर में गाईन बंगाली बधुओं द्वारा अवैध प्लॉटिंग कर नियम विरुद्ध कृषि भूमि पर अवैध कॉलोनी निर्माण का कार्य किया जा रहा है। इसकी शिकायत को लेकर महाराणा प्रताप की वार्ड क्रमांक 06 के पार्षद प्रताप सिंह ठाकुर ने रायपुर कलेक्टर के नाम तहसीलदार, मुख्य नगर पालिका अधिकारी ज्ञापन सौंपा है।

उन्होंने ज्ञापन में बताया है कि नगर पालिका मंदिर हसौद की नोनी नगर स्थित कृषि भूमि खसरा नं क्रमशः 15001/2 एवं .552 व 555.... कुल रकबा.2.5 एकड़...हेक्टेयर पर अवैध प्लॉटिंग कर बनाए जा रहे उक्त गाईन बंगाली बधुओं द्वारा मंदिर हसौद क्षेत्र में इसके पूर्व भी विभिन्न स्थानों पर अवैध प्लॉटिंग कर अवैध कॉलोनी निर्माण किया जा चुका है जहां उक्त क्षेत्र के लोगों को मूलभूत सुविधाओं जैसे पानी, बिजली, नाली, सड़क, साफ सफाई इत्यादि सेवाओं से वंचित होकर क्षेत्र के लोगों को व्यवहारिक दिक्कतों से जूझना पड़ रहा है। उन्होंने अवैध प्लाटिंग और कब्जे पर एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग की है।



## स्कूलों में न्योता भोज का आयोजन एकता और प्रेम का दे रहा है संदेश

**आरंग।** शुक्रवार को पीएम श्री स्कूल भानसोज मे कक्षा पांचवी में अध्ययनरत बच्चों का विदाई समारोह एवं नेवता भोज आयोजित कर उच्च शिक्षा, नईं कक्षा में अध्ययन अध्यापन के लिए मानसिक, आर्थिक सहयोग के साथ निरन्तर पढ़ाई जारी रखना है प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अमर मांडले जनपद सदस्य आरंग ने अपने उद्बबोधन मे कहा कि विद्यालय सिर्फ़ पढ़ाई-लिखाई का स्थान नहीं होता, यह एक संस्कार और सीखने की यात्रा का महत्वपूर्ण हिस्सा होता है। यहाँ इन नन्हे पुष्पों ने ज्ञान, अनुशासन, और संस्कार की शिक्षा ली है। आज वे एक नए पड़ाव की ओर बढ़ रहे हैं, जहाँ उनके सपनों को और ऊँचाइयों तक ले जाने के अवसर मिलेंगे। श्री मांडले ने विद्यालय परिवार, शिक्षकों एवं अभिभावकों को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह विदाई केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि उनके जीवन के नए अध्याय की शुरुआत है।

श्री मांडले ने बच्चों से भी कहा कि जीवन में हमेशा ईमानदारी, मेहनत और अनुशासन को अपनाएँ। अपने माता-पिता और शिक्षकों का आदर करें, क्योंकि उनकी मेहनत और आशीर्वाद ही आपको सफलता की ऊँचाइयों तक पहुँचाएंगे।इस शुभ अवसर पर विद्यालय द्वारा आयोजित न्योता भोज की भी सराहना करते हुए कहा कि यह आयोजन हमारी एकता और प्रेम का प्रतीक है। श्री मांडले ने स्कूल को एक वाटर कूलर देने की भी बात कही सरपंच जगमोहन बघेल ने पीएम श्री स्कूल मे बच्चो की उपस्थिति बढ़ाने के लिए घर घर प्रवेश अभियान चलाने पर जोर दिया।

## संकुल में जन्मदिन पर प्राचार्य साहू ने कराया न्योता भोज



**आरंग।** भिलाई के प्राचार्य सीएल साहू ने अपने जन्मदिन पर स्कूली बच्चों व संकुल के सभी शिक्षकों को न्योता भोज कराया। जिसमें संकुल के समस्त शिक्षक शिक्षिकागण शामिल हुए। वही जन्मदिन को यादगार बनाने स्कूल परिसर में श्रीफल का पौधे रोपित कर हरियाली का संदेश दिया।इस मौके पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिनेश शर्मा, बीआरसीसी मातलीनंदन वर्मा, व्याख्याता द्वय डीके रहंगडाले, विजय चंद्राकर, संकुल समन्वयक जीतेंद्र शुक्ला, हरीश दीवान, सुरेन्द्र चंद्रसेन, सेवानिवृत्त प्रधान पाठक टी आर साहू, शिक्षक महेन्द्र कुमार पटेल आदि ने पहुंचकर पौधरोपण में भाग लिया। इस दरम्यान विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिनेश शर्मा ने शिक्षको को संबोधित करते हुए दार्शनिक अंदाज में कहा मानव की कार्यक्षमता मशीन से परे है। इस प्रकार वृहत रूप से संकुल स्तर पर न्योता भोज कराने से अनौपचारिक रूप से मेल मिलाप बढ़ता है। उन्होंने चिर परिचित अंदाज में गीत गाकर विकासखंड की ओर से श्रीसाहू को जन्मदिन की बधाई व शुभकामनाएं दिए। विकासखंड स्त्रोत समन्वयक मालतीनंदन वर्मा ने बांसुरी की मधुर धुन बजाकर श्रीसाहू को जन्मदिन की बधाई देते हुए संकुल स्तर पर न्योता भोज आयोजन की मुक्त कंठ से सराहना किए। वहीं पूर्व प्रधान पाठक तुलसराम साहू, प्रधान पाठिका डार्थी तांडी, प्रधान पाठक कीर्ति कुमार परमाल, खम्मन लाल साहू, गोपाल चंद्राकर, व्याख्याता द्वय भोला सोनी, अंजना मसीह, शिक्षक महेन्द्र कुमार पटेल ने प्राचार्य साहू के सरल व्यक्तित्व व कृतित्व के बारे में बताया।

## आद्योगिक क्षेत्र में प्रदूषण बर्दाश्त नहीं : शकुंतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा



प्रदेश के सबसे बड़े उद्योग नगर सिलतरा क्षेत्र में बढ़ते प्रदूषण को लेकर जनपद अध्यक्ष शकुंतला ढीलेन्द्र सेन ने जिला कलेक्टर व क्षेत्रीय विधायक अनुज शर्मा से गोहार लगाए है कि ऐसे उद्योगों पर तत्काल शिकंजा कसे जो प्रदूषण फैला रहे है क्यो की गर्मी के दिनों में जंहा तालाब, नदी और पीने का पानी प्रदूषित हो रहा है जिसे किसी भी हाल में बर्दास्त नही किया जाएगा।वही हरिभूमि की खबर का असर सामने आ रहे है। बता दे सिलतरा में बढ़ते वायु प्रदुषण को लेकर धरसींवा नव निर्वाचित जनपद अध्यक्ष श्रीमती शकुंतला ढीलेन्द्र सेन ने मीडिया से चर्चा पे छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल पर आरोप लगाए हैं कि विभाग की उदासीनता के चलते ऐसे उद्योगों के हौसले बुलंद है जिस कारण से यह भयावह की स्थिति बन रही है श्रीमती सेन ने आगे कहा कि आद्योगिक वायु प्रदूषण का स्तर कम करने के लिए लोग जागरूक हों. प्रदूषित क्षेत्र में ऑनलाइन एयर क्वॉलिटी इंडेक्स बताने वाला ऑटोमैटिक मल्टीमीटर लगाया जाना चाहिए क्यो कि राज्य के सबसे ज्यादा प्रदूषित आज औद्योगिक क्षेत्र सिलतरा शामिल हैं।

### जहरीली हवा के बीच सांस लेने को मजबूर

बता दे कि गर्मी की दस्तक के साथ ही सिलतरा, धरसींवा, साकरा,टाढा सहित दर्जन भर गांव व इसके आसपास के लोग क़रीब तीन महीने तक एक तरह ज़हरीली हवा के बीच सांस लेने को मजबूर होते हैं क्यो कि मौसम बदलने के साथ ही वायु प्रदूषण का असर बढ़ने लगा है। इस प्रदूषण का सबसे ज़्यादा असर सिलतरा, सौन्दरा, टाढा, धरसींवा, मोहदी, और इसके आसपास रहने वाले करीब 25 गांव के लोगों पर पड़ता है। इसका असर बच्चों, बुज़ुर्गों, गर्भवती महिलाओं और बीमार लोगों पर सबसे ज़्यादा होता है. हालाँकि इन दिनों सिलतरा और आसपास में प्रदूषण का असर इतना ज़्यादा होता है कि यह स्वस्थ इंसान को भी गंभीर बीमारियाँ दे सकता है।

### हवा के साथ काली डस्ट

रायपुर के सिलतरा में प्रदेश ही भारत का सबसे प्रदूषित क्षेत्र के रुप में कुख्यात हो गया है।सिलतरा के प्रदूषित उद्योग के चलते आस पास के 20 किलोमीटर तक काला धुव का परत जम जाता हैं। आस पास के 20 किलोमीटर तक के नागरिकों को सर्दी, खासी, खुजली तथा अन्य एलर्जीजन्य बीमारियां हो रही हैं।अनेक बार विधानसभा में सिलतरा के प्रदूषण पर कार्यवाही की चर्चा हुई मगर कोई नतीज़ा नहीं निकला।

## तिल्दा जनपद में सभापतियों का निर्विरोध हुआ निर्वाचन

**तिल्दा नेवरा।** जनपद पंचायत तिल्दा मे सभापति के निर्वाचन में देवव्रत शर्मा (गोलू) सहकारिता एवं उद्योग के निर्विरोध सभापति निर्वाचित हुए वहीं अन्य में कृषि सभापति कुंज लाल वर्मा एवं संचार एवं सक्रम विभाग के सभापति नरसिंह वर्मा निर्वाचित हुए । शिक्षा सभापति उपाध्यक्ष दुलारी वर्मा को बनाया गया है। आज तिल्दा जनपद पंचायत में नवनिर्वाचित सदस्यों के बीच में सभापतियों का निर्वाचन किया गया , जिसमें देवव्रत शर्मा (गोलू)ने अपने सभापति निर्वाचित



होने पर कहा कि क्षेत्र में उद्योग में बेरोजगार बच्चों को रोजगार दिलाने का प्रयास किया जायेगा। वही उद्योगों के द्वारा दी जाने वाली CSR राशियों का ग्रामीण विकास के क्षेत्र में सही सदुपयोग करने का उद्योगपतियों से आग्रह करेंगे। इस अवसर पर जिला पंचायत पूर्व सभापति राजू शर्मा ,नशा मुक्ति अभियान के प्रदेश अध्यक्ष भाजपा नेता वेदराम मनहरे , पूर्व जनपद सदस्य दिनेश अग्रवाल (दीनू ) , एवं जनपद अध्यक्ष टिकेश्वर सोनू मनहरे, उपाध्यक्ष श्रीमती दुलारी वर्मा एवं समस्त सदस्यगण उपस्थित होकर निर्वाचित सभापतियो को बधाई दी।

## डिघारी को नागलोक के रूप में विकसित करने की मांग

**आरंग।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से लगे 30 किलोमीटर की दूरी में बसे ग्राम डिघारी को नागलोक के रूप में विकसित करने की कि मांग उठ रही है। शक्ति दल प्रमुख अधिवक्ता पं. आयुष दुबे एवं शक्ति दल ने समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से मिलकर ग्राम डिघारी को नाग लोक के रूप में विकसित करने का मुद्दा उठाया है और पर्यटन विभाग को ज्ञापन सौपा है। इसके साथ ही सांसद बृजमोहन अग्रवाल व विधायक गुरु खुशवंत साहब को भी ग्राम को पर्यटन हब के रूप में विकसित करने का निवेदन किया है। ग्राम



डिघारी को नाग देवता का वरदानी गांव कहा जाता है यहाँ के लोगों के अनुसार इस गांव के कोई भी व्यक्ति को सर्प नहीं काटता और गलती से काट दे तो उन्हें जहर नही लगता है। किवदंती के अनुसार प्राचीन समय की बात है पोहकल नाम के एक ब्राह्मण थे उन्हें नागदेव जी ने स्वप्न में दर्शन दिया और कहा कि मेरे गले में मछली का कांटा फंसा हुआ है तू उठ और उस कांटे को निकाल जब पोहकल बाबा उठकर देखें तो सच में तुलसी के चौरा में नाग देवता बैठे हुए थे पोहकल बाबा ने गांव वालों को बुलाया और बताया कि स्वप्न में मुझे नागदेव दिखाई दिए थे और मछली के कांटा होने की बात कही है सारे गांव वाले एकत्रित हो गए और जब सब आए तो सभी ने हाथ खड़े कर दिए कोई सामने नहीं गया।

## अभनपुर पालिका उपाध्यक्ष गांधी ने पदभार ग्रहण किया



**अभनपुर।** कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व विधायक धनेन्द्र साहू के आतिथ्य मे नगर पालिका अभनपुर के नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष बलविंदर गांधी द्वारा पद्धार ग्रहण किया गया। इस मौके पर अध्यक्ष उत्रसेन गहिरवारे,समस्त पार्षद एवं कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ जनप्रतिनिधि एवं उनके समर्थक उपस्थित रहे। कार्यालय की विधिवत पूजा अर्चना कर पूर्व विधायक द्वारा उपाध्यक्ष को कुर्सी पर बैठाया गया एवं नगर के जनता के भलाई के लिए कार्य करने के लिए हर संभव मदद करने का भरोसा दिलाया गया। इस अवसर पर पूर्व जपं.अध्यक्ष देवनंदनी साहू,श्रीमति किरण साहू,चन्द्रहास साहू,शशिप्रकाश साहू,सुशील शर्मा,सुनील कौशल,महेन्द्र गांधी,इन्द्रदेव प्रसाद,जगजीत गांधी,जोगिंदर सिंह सचदेवा,मनदीप गांधी,स्नेहिल मेहंदीरत्ता,सतवीर गांधी,रॉबिन एन्थोनी,शशि शर्मा,भूपेन्द्र बजाज,हरीश तारवानी,जोसेफ एन्थोनी,कीर्तन साहू,सुरेश ठाकुर,जसबींर कौर गांधी,राजेन्द्र कौर गांधी,बलजींत गांधी,हरजीत कौर,बलजींत कौर,लल्ली भारती,भवरीदेवी लक्कर,आशि मेंहदी रत्ता,बबली गांधी,प्रमोद मिश्रा,अनमोल गांधी,जयवर्धन बघेल,सुमीत तंबोली,पार्षद रानू राठी,नीलकमल गिलहरे,दीक्षा राठी,वीरेन्द्र प्रताप सिन्हा,डोमेन्द्र साहू,महेश्वरी वैष्णव,बीरबल टंडन,गंगा कौर,चंपा लेदेकर,सीएमओ राजेश तिवारी,सहित नगर पालिका के कर्मचारी उपस्थित रहे।

**न्यायालय तहसीलदार, मंदिर हसौद, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**क्रमाक /Q/ वाचक/तह./2025**

**मंदिर हसौद, दिनांक 03/04/2025**

**-: ईशतहार :-**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि न्यायालय तहसीलदार, मंदिर हसौद, तहसील- मंदिर हसौद, जिला- रायपुर के विचाराधीन प्रकरण मे पक्षकार कमला बाई पति स्व. थानू राम बघेल एवं अन्य 06, निवासी-अडसेना, तहसील-खरोरा, जिला-रायपुर (छ.ग.) द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है, कि ग्राम-मंदिर हसौद, प.ह.नं.-22, रा.नि.मं.- मंदिर हसौद, तहसील-मंदिर हसौद, जिला- रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 1100/1 रकबा 1.048 हे. भूमि जो वर्तमान राजस्व अभिलेख मे आवेदक एवं अनावेदकगण (भगईया बघेल पति स्व. सुकालू एवं अन्य 12) के नाम पर संयुक्त रूप से भूमिस्वामी हक में दर्ज है, जिसका आवेदकगण अपने तथा सहखातेदार के मध्य बंटवारा कराना चाहते है। आवेदक के द्वारा सम्पूर्ण भूमि का बराबर भाग मे आवेदकगण एवं अनावेदकगण के मध्य बंटवारा कराने हेतु आवेदन पत्र मय दस्तावेज न्यायालय मे प्रस्तुत किया है, जिसमे हल्का पटवारी के द्वारा फर्द बंटवारा प्रस्तुत किया गया है, जो निम्नानुसार है :-

**पक्ष क्रमांक 01** - महेन्द्र, देवेन्द्र, वीरेन्द्र, हृदय, मनोज, कल्याण दास, लाल जी, सुरेन्द्र, भूषण, उत्तरा, सीमा पिसरान सुकालू बघेल, ना.बा. आदित्य वो ना.बा. नाव्या पिसरान ओंकार वली नानी मां भगईया, भगईया पति सुकालू सा. देह भूमिस्वामी, **खसरा नंबर- 1100/1** का भाग, **रकबा- 0.5040, लगान- 1.80,**

**पक्ष क्रमांक 02-** यशवंत पिता थानू बघेल, मोहित पिता थानू बघेल, तनुजा पिता थानू बघेल, नम्रता पिता थानू बघेल, कमला बाई पति थानू बघेल, **खसरा नंबर- 1100/1** का भाग, **रकबा- 0.5040, लगान- 1.80**

अतः उक्तानुसार बंटवारा किये जाने मे जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 17/04/2025 तक इस न्यायालय में आपत्ति दावा पेश कर सकते है। उक्त तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नही किया जायेगा।

आज दिनांक 03/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

**तहसीलदार**
**मंदिर हसौद (छत्तीसगढ़)**

# वक्फ बिल में संशोधन ऐतिहासिक, पारदर्शिता और न्याय सुनिश्चित करेगा : अनुज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

विधायक अनुज शर्मा ने वक़्फ़ संशोधन बिल पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए मीडिया से बात करते हुए कहा कि यह एक ऐतिहासिक निर्णय है, जो देश में पारदर्शिता और न्याय सुनिश्चित करेगा। इस बिल के माध्यम से वक़्फ़ संपत्तियों को भी कानून के दायरे में लाया गया है, जो पहले किसी भी न्यायिक समीक्षा से परे था। यह एक महत्वपूर्ण सुधार है, जिससे देश की न्यायिक प्रणाली को मजबूती मिलेगी।

विधायक श्री शर्मा ने कहा कि भारत में वक़्फ़ संपत्तियों की संख्या अत्यधिक है और इसका समुचित उपयोग गरीब एवं जरूरतमंद मुस्लिम समुदाय के लोगों तक नहीं पहुंच पा रहा था। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि वक़्फ़ संपत्तियों का लाभ मुस्लिम समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को मिलना चाहिए, न कि कुछ विशेष लोगों तक सीमित रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि वक़्फ़ बोर्ड द्वारा प्रस्तुत रिपोर्टों में कई अनियमितताओं की पुष्टि हुई है, जिनका समाधान आवश्यक था। वक़्फ़ संपत्तियों पर हुए अनधिकृत कब्जों को हटाने और इन संपत्तियों का सही उपयोग सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने कठोर प्रावधान किए हैं।

### वक्फ में सुधार समय की मांग है



*विधायक श्री अनुज शर्मा ने कहा कि वक्फ में सुधार समय की मांग है। लेकिन यह भी सही है कि हर अच्छे का काम का विरोध होता है। इसी तरह वक्फ संशोधन बिल का भी विरोध हो रहा है। श्री शर्मा ने कहा कि वक्फ बोर्ड निजी स्वार्थ का केंद्र और जमीनों पर जबरन कब्जे का जरिया बन गया है। सुधार समय की मांग है और हर सुधार का विरोध होता है, वक्फ में सुधार देश और मुस्लिम समुदाय के लाभ के लिए जरूरी है। श्री शर्मा ने इस निर्णय को राष्ट्रहित में बताया और कहा कि यह केवल वक़्फ़ संपत्तियों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि सभी धार्मिक संपत्तियों की पारदर्शिता और न्याय सुनिश्चित करने के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत रहेगी।*

### विपक्ष द्वारा बिल का विरोध अनुचित

*विधायक अनुज शर्मा ने कहा कि इस संशोधन के माध्यम से वक़्फ़ ट्रिब्यूनल के निर्णयों को अब न्यायालय में चुनौती दी जा सकेगी, जो एक बड़ा सुधार है। पहले यह संभव नहीं था, जिससे कई विवादों का समाधान नहीं हो पाता था। अब न्याय की प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और प्रभावी होगी। शर्मा ने विपक्ष द्वारा बिल के विरोध को अनुचित बताया और कहा कि यह किसी विशेष समुदाय के खिलाफ नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के खिलाफ उठाया गया कदम है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश में वक़्फ़ संपत्तियों पर हुए अनधिकृत कब्जों की उच्च स्तरीय जांच कराई जाएगी और आवश्यक कानूनी कदम उठाए जाएंगे। श्री शर्मा ने इस निर्णय को राष्ट्रहित में बताया और कहा कि यह केवल वक़्फ़ संपत्तियों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि सभी धार्मिक संपत्तियों की पारदर्शिता और न्याय सुनिश्चित करने के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत रहेगी।*

# अस्पतालों में निचले स्टाफ की कमी होगी दूर, स्टाफ नर्स सहित सवा पांच सौ पदों के लिए व्यापम लेगा परीक्षा

**ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक, वार्ड ब्वाय, आया के पदों पर होगी थोक में भर्ती**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सरकारी अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में स्टॉफ नर्स सहित अन्य निचले स्टाफ की कमी दूर की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के करीब सवा पांच सौ पदों की भर्ती करेगा। इसके लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा किया जाएगा।

जिन पदों पर भर्ती की जाएंगी, उसमें ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक, वार्ड ब्वाय और आया के पद भी शामिल हैं। सरकारी अस्पतालों में चिकित्सकों के साथ निचले स्टाफ की समस्या भी अधिक है। स्टॉफ नर्स की संख्या कम होने की वजह के एक नर्स पर आधे अस्पताल का बोझ है। कई स्वास्थ्य केंद्रों में तो इक्का-दुक्का नर्सिंग स्टॉफ के सहारे उपचार किया जा रहा है। इसी तरह वार्ड ब्वाय नहीं होने की वजह कई बार डाक्टरों को मरीजों की मलहम-पट्टी करनी पड़ती है। इसी तरह आया की कमी के कारण साफ-सफाई की व्यवस्था भी बुरी तरह प्रभावित रहती है। तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के स्टॉफ की कमी को दूर करने के लिए स्वास्थ्य विभाग तैयारी कर रहा है। इसके तहत जिला और संभाग स्तर पर दोनों श्रेणी के करीब सवा पांच सौ पदों पर भर्ती के लिए वित्त विभाग से अनुमति मिल चुकी है।




इन पदों पर भर्ती के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी व्यावसायिक परीक्षा मंडल को दी गई है। आने वाले दिनों में व्यापमं परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन मंगाने की प्रक्रिया पूरी करेगा। परीक्षा को लेकर आगामी तिथि में अन्य शेड्यूल भी जारी किया जाएगा।

### इन पदों पर होगी भर्ती

स्वास्थ्य संचालनालय की ओर से जिन पदों पर भर्ती की जाएगी, उसमें स्टॉफ नर्स के 225, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक महिला एवं पुरुष के 100-100, वार्ड ब्वाय एवं आया के 50-50 पदों पर भर्ती होगी। इस भर्ती प्रक्रिया के लिए आरक्षण सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा अपने परिपत्र 13-1/2023 के निर्देशानुसार तय किया जाएगा।

### ज्यादातर अस्पतालों में आउटसोर्सिंग

सूत्रों के अनुसार वर्तमान में ज्यादातर जिला अस्पतालों में तृतीय और चतुर्थ वर्ग के कर्मचारियों का काम आउटसोर्सिंग के माध्यम से पूरा किया जा रहा है। सीएचसी और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में इनकी कमी होने की वजह से कई बार मरीजों के परिजनों अथवा हेल्थ सेंटरों के दूसरे स्टाफ को साफ-सफाई सहित अन्य तरह के दूसरे काम पूरे करने पड़ते हैं।

---

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस ने बनाई जांच समिति

**रायपुर।** धमतरी के अर्जुनी थाने में दुर्गेश कठोलिया की हुई मौत के लिए कांग्रेस ने जांच समिति बनाई है। इसमें विधायक कुंवर सिंह निषाद को संयोजक बनाया गया है। इसी के साथ दुलेश्वर साहू, भोलाराम साहू, संगीता सिन्हा, अंबिका मरकाम, ओंकार साहू और शरद लोहाना को सदस्य बनाया गया है।

### दीपक को पार्टी से किया निष्कासित

**रायपुर।** त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव के दौरान पार्टी विरोधी गतिविधियों पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने बिलाईगढ़ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष के खिलाफ कार्रवाई की है। कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज के निर्देश पर दीपक टंडन को छह साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है।

### शहर सीरतुन्नबी कमेटी का सदर चुनाव 20 को

**रायपुर।** शहर सीरतुन्नबी फाउण्डर मेंबर संचालन कमेटी द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार कमेटी के सदर चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। कमेटी में 1108 मेंबर बने हैं। 12 अप्रैल को चयनित उम्मीदवारों की घोषणा की जाएगी तथा चुनाव चिन्ह का आवंटन किया जाएगा। मतदान 20 अप्रैल को सालेम इंग्लिश स्कूल मोतीबाग में सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक होगा। विजयी उम्मीदवार की घोषणा उसी दिन मतगणना की प्रक्रिया समाप्त होने के पश्चात की जाएगी। मुख्य चुनाव अधिकारी द्वारा निर्वाचित उम्मीदवारों का नाम घोषित कर उन्हें सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा।

### भजन संध्या-गरबा आज नवरात्रि में भक्ति का रंग

**रायपुर।** चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर रायपुर में महिलाओं के लिए एक विशेष आयोजन होने जा रहा है। कल्पना फाउंडेशन की ओर से 5 अप्रैल को शाम 4 से 7 बजे तक रोहिणीपुरम के शिवाजी स्कूल कैंपस में भजन संध्या कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस दौरान गरबा नृत्य की प्रस्तुति भी होगी, जो नवरात्रि की धार्मिक भावना और सांस्कृतिक समृद्धि को नया आयाम देगी। आयोजकों के अनुसार, यह कार्यक्रम महिलाओं को समर्पित है, जहां भक्ति संगीत और पारंपरिक नृत्य के माध्यम से उत्साह, आध्यात्मिकता का अनूठा मेल देखने को मिलेगा।

---

**दानवीर दाऊ कल्याण सिंह अग्रवाल के नाम से राज्य अलंकरण प्रारंभ करने की मांग**

# सीएम बोले- दान धर्म और परोपकार दाऊ अग्रवाल समाज के स्वभाव में



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दाऊ अमृष कुमार लक्ष्मेश्वर दयाल, छत्तीसगढ़ी अग्रवाल भवन पुरानी बस्ती के लोकार्पण और छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज के केंद्रीय पदाधिकारी के शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा, दान धर्म और परोपकार दाऊ अग्रवाल समाज के स्वभाव में है। कोरोना काल में जब सब अपने घरों से निकल नहीं पा रहे थे, तब छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज ने सबके भोजन की, विश्वास की और मुस्कान की चिंता की। इस समाज ने धर्म शिक्षा स्वास्थ्य शुद्ध पेयजल जैसे विभिन्न आयाम में दान किया। यह अनुकरणीय है।

श्री साय ने कहा, कोई सोच भी नहीं सकता था, ऐसा दान दाऊ कल्याण सिंह अग्रवाल ने किया है। 1728 एकड़ जमीन कृषि विश्वविद्यालय को दान अद्भुत है। अस्पताल का निर्माण आज भी लोगों को लाभ पहुंचा रहा है और एम्स की जमीन दाऊजी की दूर दृष्टि को साबित करती है। ऐसे दाऊजी को नमन है। कार्यक्रम में रायपुर को बनाने के लिए दान करने वालों का सम्मान किया गया। रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी ने कहा कि आज का कार्यक्रम एक समाज के दायरे में बंद कार्यक्रम नहीं है आज के कार्यक्रम में शहर को शिक्षा स्वास्थ्य संस्कृति धर्म शादी के क्षेत्र में आगे बढ़ाने वाले व दान करने वालों का सम्मान किया जा रहा है। आयोजन में रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा, महापौर मीनल चौबे व नान अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव भाजपा, प्रवक्ता नालिनेश ठोकने भी उपस्थित थे। कार्यक्रम के आयोजक छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज की केंद्रीय अध्यक्ष दाऊ अनुराग अग्रवाल ने बताया, दानशीलता दिवस का उद्देश्य आज की युवा पीढ़ी जो आभासी दुनिया में जी रही है उन्हें उनके पूर्वजों के योगदान से अवगत कराना है। मुख्यमंत्री से दानवीर दाऊ कल्याण सिंह अग्रवाल के नाम से राज्य अलंकरण प्रारंभ करने की मांग रखी गई।

### पदाधिकारियों ने ली शपथ

छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज की अध्यक्ष पद पर दाऊ अनुराग अग्रवाल सचिव पद पर दाऊ डॉ जेपी अग्रवाल, कोषाध्यक्ष पद पर दाऊ अजय अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष पद पर दाऊ अजय दानी, उपाध्यक्ष पद पर दाऊ श्याम अग्रवाल, दाऊ गजेंद्र अग्रवाल, दाऊ डॉ राजेश अग्रवाल, सीता अग्रवाल, सह सचिव पद पर दाऊ यशवंत अग्रवाल, दाऊ संतोष अग्रवाल, दाऊ केशव मुरारी अग्रवाल, निहारिका अग्रवाल, महिला प्रतिनिधि के पद पर विंध्य अग्रवाल और युवा प्रतिनिधि के तौर पर दाऊ आशीष अग्रवाल ने मुख्यमंत्री द्वारा महाराज अग्रसेन के नाम से शपथ ली।

---

# जमीन नामांतरण के विवादित मामले सबसे अधिक सरगुजा, रायपुर और बिलासपुर में



- राज्य के हर जिले में विवादित नामांतरण के मामले
- नामांतरण के बाद ही मिलता है मालिकाना हक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अगर किसी जमीन, मकान या अचल संपत्ति को किसी दूसरे व्यक्ति के नाम से ट्रांसफर करने के समय तीसरा व्यक्ति या कुछ और लोग मालिकाना हक के दावेदार के रूप में सामने आ जा रहे हैं, तो नामांतरण के ऐसे मामलों को राजस्व विभाग विवादित नामांतरण के प्रकरणों में शामिल कर लेता है। छत्तीसगढ़ में ऐसे दो चार हजार नहीं, बल्कि 17 हजार से अधिक मामले हैं, जिनका निपटारा नहीं हो पाया है। खास बात ये है इस तरह के लंबित मामलों में सबसे अधिक संख्या सरगुजा जिले की है। इसके बाद रायपुर जिले का नंबर आता है। तीसरे नंबर पर सबसे अधिक लंबित प्रकरणों वाला जिला बिलासपुर है।

### क्या होता है नामांतरण

जमीन के सरकारी दस्तावेज में मालिक का नाम दर्ज कराने की प्रक्रिया को नामांतरण कहते हैं. अगर इस प्रक्रिया में किसी तरह का विवाद हो, तो उसे राजस्व विभाग में विवादित नामांतरण कहते हैं। विवादित नामांतरण के मामलों में सभी पक्षों की सुनवाई होती है. तहसीलदार, ई-नामांतरण पोर्टल से प्रकरण को अपने ई-राजस्व न्यायालय में स्थानांतरित कर पंजीकृत करता है। विवादित प्रकरणों का निस्तारण होने के बाद, तहसीलदार खसरे और रसीद बही में प्रविष्टियां संशोधित करता है। इसी आधार पर जमीन, मकान या अन्य अचंल संपति का मालिकाना हक तय होता है।

### 30 से 45 दिनों में नामांकरण होता है

नियम के हिसाब से संपत्ति का नामांतरण 30 से 45 दिनों में करने का प्रावधान है। लेकिन समय सीमा के बाहर एक साल तक के 1832 प्रकरण, एक से दो साल के 1795 प्रकरण और दो साल से अधिक लंबित प्रकरणों की संख्या 1196 है। अगर अविवादित नामांतरण प्रक्रिया में निर्धारित समय सीमा में प्रकरण का निराकरण नहीं होता, तो संबंधित अधिकारियों के ख़िलाफ़ छत्तीसगढ़ लोक सेवा गारंटी अधिनियम, 2011 के प्रावधान लागू होते हैं। जमीन खरीदी के 12 साल तक अगर खरीदी करने वाला व्यक्ति राजस्व रिकॉर्ड में नामांतरण नहीं कराता, तो उसकी रजिस्ट्री स्वतः ही शून्य हो जाती है।

### ये है विवादित नामांतरण मामलों का ब्योरा

राजस्व विभाग की एक रिपोर्ट के मुताबिक 2024-24 में विवादित नामांतरण के कुल 62 हजार 283 प्रकरण दर्ज राज्य में दर्ज किए गए। इनमें 45 हजार 196 का निपटारा हो गया। इसके साथ ही लंबित प्रकरणों की संख्या 17 हजार 87 है। समय सीमा के भीतर के प्रकरण 12 हजार 264 है। लंबित मामलों में सबसे अधिक सरगुजा के 1930, रायपुर के 1869, बिलासपुर के 1281, दुर्ग के 1181, सूरजपुर के 1056 प्रकरण है। सबसे कम में नारायणपुर में 12, सुकमा में 17 बीजापुर 18, प्रकरण है। लेकिन गौर करने वाली बात ये है कि राज्य का कोई भी ऐसा जिला नहीं है, जहां विवादित नामांतरण के मामले न हो। कोई जिला ऐसा नहीं है जहां ऐसे मामले लंबित न हों।

---

## दीपक बैज बोले- क्यों आते हैं अमित शाह बार-बार बस्तर

**कांग्रेस ने पूछे 8 सवाल**

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि अमित शाह छत्तीसगढ़ आ रहे हैं। बस्तर जाएंगे, यह समझना पड़ेगा कि अमित शाह बार-बार बस्तर क्यों आ रहे हैं। छत्तीसगढ़ में जब 15 साल भाजपा की सरकार थी, तक बस्तर नहीं आए, लेकिन अब बार- बार क्यों आ रहे हैं। अमित शाह के बस्तर आने का मकसद नक्सलवाद का खात्मा करना नहीं, बल्कि उनके चहेते उद्योगपतियों के जल, जंगल, जमीन, माइंस देने के लिए रास्ता तैयार करना है। बस्तर में बहुत से मूल्यवान खनिज हैं, इसलिए उद्योगपतियों के लिए जमीन तलाश करने आए हैं। अमित शाह, अंबानी और अडानी को बस्तर के खनिज संसाधनों को सौंपने के लिए आ रहे हैं। श्री बैज ने केन्द्रीय गृहमंत्री से 8 सवाल पूछते हुए जवाब मांगा है। ये हैं सवाल- शाह गारंटी देंगे बस्तरियों के मंशा के खिलाफ अडानी या अन्य उद्योगपतियों की बस्तर में इन्ट्री नहीं होगी। एनएमडीसी का मुख्यालय बस्तर में क्यों नहीं आ रहा। नंदराज पहाड़ की लीज केन्द्र रद्द क्यों नहीं कर रहा। नगरनार नहीं बिकेगा इसकी गारंटी देंगे। आरक्षण विधेयक कब तक लंबित रहेगा। दल्लीराजहरा जगदलपुर रेल लाइन क्यों शुरू नहीं हो रही। भारतमाला परियोजना रोड को जगदलपुर से क्यों नही जोड़ा जा रहा। मोदी सरकार ने 2006 के वन अधिकार अधिनियम में संशोधन क्यों किया।



## छत्तीसगढ़ में होगा 532 नवीन पैक्स का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की संकल्पना 'सहकार से समृद्धि' को साकार करने छत्तीसगढ़ अब अग्रणी राज्यों में है। इस दिशा में केंद्रीय गृह तथा सहकारिता मंत्री अमित शाह की मंशा अनुरूप छत्तीसगढ़ में नवीन बहुउद्देशीय पैक्स, डेयरी तथा मत्स्य समितियों के गठन की कार्ययोजना बनाई गई, जिसे कार्यरूप में परिणित करने के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के दिशा-निर्देश पर राज्य शासन द्वारा छत्तीसगढ़ में 532 नवीन पैक्स सोसाइटी के गठन की अधिसूचना शुक्रवार 4 अप्रैल को जारी कर दी गई है।



उल्लेखनीय है कि केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वारा रायपुर में 'सहकार से समृद्धि' विषय पर ली गई पहली बैठक 25 अगस्त 2024 में छत्तीसगढ़ में पैक्स की संख्या बढ़ाने तथा पैक्स की पहुँच गाँव-गाँव तक ले जाने की मंशा को इस निर्णय के साथ पूरा किया जा रहा है। राज्य के विभिन्न गांवों में 532 नवीन सहकारी समितियों के गठन से अब किसानों को अपने गांव में ही किसानों को कृषि ऋण के साथ खाद-बीज लेने, माइक्रो-एटीएम से राशि आहरण की सुविधा मिलेगी। इस नवीन पैक्स में कामन सर्विस सेंटर, जनऔषधि केंद्र तथा किसान समृद्धि केंद्र का संचालन किया जाएगा। इससे प्रदेश के किसानों को उनके ग्राम में ही आवश्यक सभी सुविधाएं प्राप्त हो सकेगी।

# पिछले वर्ष 138589 का कराया वजन, इनमें 2651 बच्चे कुपोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों को कुपोषण से बचाने के लिए हर साल करोड़ों रुपए पोषण आहार में खर्च किया जाता है। इसके बाद भी बच्चों की सेहत और वजन में सुधार देखा नहीं जा रहा है। रायपुर जिले में पिछले वर्ष 2024 में आंगनबाड़ी केन्द्रों में दर्ज बच्चों की पोषण स्तर की जांच की गई। वजन त्योहार के तहत की गई जांच की रिपोर्ट बहुत चौकानें वाली है।

जिले में एक लाख 38 हजार 589 बच्चों का वजन एवं ऊंचाई मापा गया, जिसमें 2651 बच्चों का वजन गंभीर रूप से कम पाया गया। ये सभी बच्चे कुपोषण के शिकार मिले। इसके अलावा मध्यम वजन के 17613 एवं कम वजन के 20204 बच्चें भी पाए गए हैं। इस तरह आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को कई प्रकार के पौष्टिक आहार दिए जाने के बाद भी कुपोषण के शिकार बच्चों के वजन में ज्यादा सुधार आया नहीं है, जिसके कारण वे कुपोषण से मुक्त भी नहीं हो पाए हैं।




### तीन वर्षों का आंकड़ा

| | कुल वजन | मध्यम | कुपोषित |
|---|---|---|---|
| वर्ष 2022 | 142352 | 20600 | 3662 |
| वर्ष 2023 | 137808 | 20185 | 3081 |
| वर्ष 2024 | 138589 | 17613 | 2651 |

### अभनपुर एवं तिल्दा में सबसे ज्यादा कुपोषित बच्चे

जिले में सबसे ज्यादा कुपोषित बच्चे अभनपुर और तिल्दा के आंगनबाड़ी केंद्रों में हैं। इन दोनों क्षेत्रों में कुपोषण के शिकार बच्चों का 16.55 प्रतिशत है, जो धरसींवा, रायपुर, आरंग क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्रों की तुलना में सबसे ज्यादा हैं। इसी प्रकार आरंग में भी कुपोषित बच्चों का 14.65 प्रतिशत, धरसींवा-1 में 15.01, धरसींवा-2 में 13.75, मंदिर हसौद में 13.42 तथा रायपुर-1 में 13.80 एवं रायपुर-2 में 12.39 प्रतिशत कुपोषित बच्चे हैं।

### बच्चों को कुपोषण से बचाने ये उपाय किए जाते हैं

बच्चों को सही समय पर सही आहार, स्वास्थ्य की जांच, समय पर टीके, निःशुल्क पूर्व प्राथमिक शिक्षा, हेल्थ चेकअप, विटामिन सप्लीमेंट्स दिए जाते हैं। आहार में आयरन और फोलिक एसिड, हरी सब्जियां, स्टार्च युक्त सब्जी, सोयाबीन, दाल, फोर्टिफाइड चावल दिया जाता है।

### 2 साल में 2 फीसदी बच्चे ही कुपोषण से मुक्त

आंकड़े बताते हैं कि जिले में पिछले दो वर्ष के दौरान कुल कुपोषित बच्चों में 2 प्रतिशत ही ऐसे हैं, जो कुपोषण से मुक्त हो पाए हैं। आंकड़े के अनुसार वर्ष 2023 में 142352 बच्चों का वजन एवं ऊंचाई मापा गया था। इस जांच में 17.69 प्रतिशत 3662 बच्चे कुपोषित पाए गए थे, जबकि इन बच्चों को नियमित रूप से योजना के तहत पौष्टिक आहार का वितरण किया गया है। इसी प्रकार वर्ष 2023 में 16.81 प्रतिशत 3081 बच्चे कुपोषण के शिकार मिले। इस वर्ष में 137808 बच्चों का वजन को जांचा गया था। इनमें 114542 बच्चे नार्मल, 2081 का मध्यम वजन एवं 23266 बच्चों का वजन कम था। इसी प्रकार वर्ष 2024 में 138589 बच्चों का वजन किया गया, जिनमें कम वजन वाले बच्चों की संख्या 20264, मध्यम वजन के 17613 एवं गंभीर रूप से कम वजन के 2651 बच्चें पाए गए जो कुपोषण के शिकार है। इस तरह वर्ष 2023 एवं 2024 के दौरान दो वर्ष में मात्र 2 प्रतिशत बच्चे ही कुपोषण से मुक्त किए गए।

---

# पेड़ों पर बने पेवर ब्लाक हटाने नगरीय प्रशासन विभाग ने स्थानीय निकायों को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सुंदरता बढ़ाने के साथ ही लोगों के बैठने की व्यवस्था करने पेड़ों से सटकर बनाए गए पेवर ब्लाक को तोड़ने नगरीय निकाय प्रशासन ने राज्य के सभी नगरीय निकायों को पत्र लिखा है। नियम के अनुसार पेड़ों के एक मीटर के दायरे में पेवर ब्लाक लगाने पर रोक है। बावजूद इसके कलेक्टोरेट परिसर के पास बने ऑक्सीजोन सहित कई पार्कों में पेवर ब्लाक लगाने के साथ ही पक्के चबूतरे का निर्माण किया गया है। इसे तोड़ने नगरीय निकाय प्रशासन ने पत्र लिखा है।

नगरीय प्रशासन ने स्थानीय निकाय को जो पत्र लिखा है, उसमें इस बात का उल्लेख किया गया है कि कलेक्टोरेट परिसर स्थित ऑक्सीजोन में पेड़ों से सटाकर पांच फीट ऊंचाई तक कंक्रीट की दीवाल बनाकर लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई है। खुली जगह का उपयोग कूड़ेदान के रूप में किया जा रहा है। इससे पेड़ों के तनों तक पानी नहीं पहुंच पाता, इस बात को ध्यान में रखते हुए पक्का निर्माण को तोड़ने निर्देश दिए हैं।



### पूर्व में भी निर्देश जारी किए गए थे

पेड़ों से सटकर बनाए गए चबूतरे तोड़ने नगरीय प्रशासन विभाग ने पिछले वर्ष अक्टूबर में पत्र जारी किया था। बावजूद इसके चबूतरे नहीं तोड़े गए। ऑक्सीजोन में कथित तौर पर पेड़ों की सुंदरता बढ़ाने और पांच फीट की दीवाल खड़ी कर दी गई है। इस बात की शिकायत मिलने पर नगरीय प्रशासन विभाग ने स्थानीय प्रशासन को पत्र लिखा है।

# सहकारी बैंक रायपुर को 214 करोड़ का लाभ, पिछले साल से 84 करोड़ ज्यादा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य सरकार के नीतिगत फैसलों और केन्द्र सरकार के सहयोग से छत्तीसगढ़ 'सहकार से समृद्धि' की ओर निरंतर आगे बढ़ रहा है। सहकारिता विभाग के आयुक्त कुलदीप शर्मा ने बताया कि जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक रायपुर प्रदेश में सर्वाधिक लाभ अर्जित करने वाला बैंक बन गया है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक रायपुर को 216 करोड़ का सकल लाभ अर्जित हुआ है, जो कि विगत वर्ष से 84 करोड़ रुपए अधिक है।

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक रायपुर की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अपेक्षा व्यास ने कहा कि बैंक के प्राधिकृत अधिकारी कुलदीप शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में इस वर्ष का बेहतर लाभार्जन संभव हुआ है। उन्होंने बताया कि बैंक से संबद्ध हितग्राहियों, किसानों तथा ग्राहकों की सुविधा बैंक के लिए सर्वोपरि है। यही कारण है कि अमानतदारों तथा किसानों के द्वारा बैंक के प्रति विश्वास जाहिर किया गया है। बैंक से संबद्ध 550 सहकारी समितियों के माध्यम से अल्पकालीन कृषि ऋण के अतिरिक्त मध्यकालीन, दीर्घकालीन ऋण तथा ट्रेक्टर, हार्वेस्टर, थ्रेशर, तार फेंसिंग आदि के लिए ऋण दिए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025-26 में बैंक द्वारा 3.93 लाख किसानों को 1886 करोड़ का ब्याज मुक्त कृषि ऋण का वितरण किया गया। सीईओ श्रीमती व्यास ने कहा कि बैंक की वित्तीय स्थिति सुदृढ़ है। बैंक की अमानत राशि 6833 करोड़ तथा कार्यशील पूंजी 8316 करोड़ है। बैंक द्वारा त्वरित बैंकिग ग्राहक सुविधा को ध्यान में रखते हुए आधुनिक बैंकिग सेवाएं जैसे एनईएफटी, आरटीजीएस, आईएमपीएस, मोबाइल बैंकिंग, यूपीआई की सुविधा प्रदान की जा रही है। खरीफ सीजन 2024-25 में बैंक से संबद्ध 550 पैक्स द्वारा धान खरीदी की राशि माइक्रो-एटीएम के माध्यम से 57 करोड़ रुपए का आहरण किसानों द्वारा भी किया गया।



# राज्य सूचना आयुक्त के एक पद के लिए 72 दावेदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में राज्य सूचना आयुक्त के एक पद के लिए 72 दावेदार सामने आए हैं। सामान्य प्रशासन विभाग ने दावेदारों के नामों को विभाग की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया है। राज्य सूचना आयुक्त के पद के लिए पूर्व आईएएस संजय अलंग, अमृत खलखो, उमेश कुमार अग्रवाल जैसे कई अधिकारियों ने आवेदन किया है। इसी के साथ अधिवक्ता, नेता, आरटीआई एक्टिविस्ट और पत्रकारों ने भी आवेदन किए हैं।



- पूर्व आईएएस, अधिवक्ताओं, नेताओं के साथ पत्रकारों ने भी किए आवेदन

इससे पहले मुख्य सूचना आयुक्त के पद के लिए 26 मार्च को सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर बनी सर्च कमेटी ने आवेदकों का इंटरव्यू किया था। इस इंटरव्यू में मुख्य सचिव अमिताभ जैन, पूर्व डीजीपी अशोक जुनेजा समेत कई रिटायर्ड अधिकारी भी शामिल हुए थे। सामान्य प्रशासन विभाग अब नामों का पैनल मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता वाली कमेटी को भेजेगा। किसी एक नाम पर अंतिम मुहर यह कमेटी ही लगाएगी। इस कमेटी में नेता प्रतिपक्ष के साथ राज्य सरकार की ओर से नामित किए गए एक मंत्री को रखा जाता है। राज्य सूचना आयुक्त के रिक्त पदों को भरने के लिए नामों का चयन भी यही कमेटी करेगी।

## खबर संक्षेप

### चिरायु योजना ने लौटाई तीन मासूमों की मुस्कान

**रायपुर।** कटे तालु के साथ जन्म लेने वाले तीन मासूम की निशुल्क सर्जरी के बाद मुस्कान लौट आई। गांव में लगाए गए शिविर के दौरान उनकी पहचान कर चिरायु योजना के तहत राजधानी के निजी अस्पताल में सर्जरी कराई गई। चिरायु टीम की मदद से डेढ़ साल की दक्षिका, 6 साल की दुर्गा और 8 साल की प्रतिभा का सफल ऑपरेशन किया गया। आरंग हेल्थ टीम-सी द्वारा आयोजित शिविर में तीनों बच्चों के तालु कटे होने की समस्या पाई गई थी। शुरुआत में उनके परिजन महंगे इलाज और ऑपरेशन को लेकर काफी चिंतित थे। तब चिरायु टीम की काउंसिलिंग ने उनकी शंकाओं को दूर करते हुए बताया कि इस योजना के अंतर्गत उनके बच्चों का निशुल्क इलाज किया जाएगा। सीएमएचओ डॉ. मिथिलेश चौधरी, डीपीएम मनीष मेजरवार, चिरायु नोडल डॉ. श्वेता सोनवानी, आरंग बीएमओ डॉ. विजयलक्ष्मी अनंत और बीपीएम दीपक मिरे ने बच्चों के ऑपरेशन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### दोपहर बाद तेज हुई धूप 8 से पुनः वर्षा का दौर

**रायपुर।** मौसम का मिजाज सुधरने के बाद शुक्रवार दोपहर बाद धूप तेज हो गई है और अगले तीन दिन में गर्मी पुराने तेवर में आने की उम्मीद है। अधिकतम तापमान में अगले तीन दिनों में करीब 4 डिग्री सेल्सियस बढ़ोतरी के आसार हैं। इसके बाद पुनः बंगाल की खाड़ी से आने वाली नमी मौसम में बदलाव करेगी और 8 अप्रैल से 10 अप्रैल तक मध्य हिस्से में वर्षा होने की संभावना बनेगी। इस दौरान कुछ एक इलाके में अंधड़ चलने और बादल छाए रहने की संभावना है। शुक्रवार को रायपुर का अधिकतम तापमान 35.6 और बिलासपुर का सर्वाधिक 36.9 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया है। पिछले चौबीस घंटे में घरघोड़ा और भैरमगढ़ में 4 सेमी., अंतागढ़ में 3, भानपुरी, भानुप्रतापुर, कोटा में 3 सेमी,. उसूर, नारायणपुर में 2, दोरनापाल, कांकेर, खरसिया सहित अनेक इलाके में एक सेमी. बारिश हुई।

### बेसिक बेकरी प्रशिक्षण में युवाओं ने सीखा होममेड पिज्जा, केक बनाना



**रायपुर।** केयर स्किल फाउंडेशन द्वारा ग्राम पंचायत धनेली में आयोजित बेसिक बेकरी प्रशिक्षण का समापन समारोह गुरुवार को संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण में कुल 17 महिलाओं ने भाग लिया। ये कक्षाएं 27 मार्च से 3 अप्रैल तक चलीं, जिसका प्रशिक्षण सनील जांगड़े ने दिया। उन्होंने महिलाओं को होममेड पिज्जा, केक, कुकीज, केक डेकोरेशन आदि बनाने की तकनीक सिखाई। साथ ही घर पर आसानी से स्वादिष्ट केक कैसे बनाया जा सकता है, इसके लिए कुछ खास टिप्स और ट्रिक्स भी साझा किए। इस तरह के कार्यक्रम ग्रामीण इलाकों में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकते हैं। केयर स्किल फाउंडेशन की तरफ से अध्यक्ष चंद्रशेखर साहू, विजय कुमार निषाद, हरीश्वर दास और भूमिका साहू, माधव तांडी भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

# छग की पटरियों में अब बिछेगी छठी लाइन, आठ जिलों में रेल कनेक्टिविटी होगी बेहतर

**रेल मंत्री ने खरसिया-नया रायपुर-परमलकसा मार्ग पर पांचवीं और छठी लाइन बिछाने परियोजना को दी स्वीकृति**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के कई जिलों में अब भी रेल लाइन की सुविधा है, लेकिन अब भारतीय रेलवे ऐसे जिलों में पटरी बिछाने का काम जल्द शुरू करने वाला है। केंद्र सरकार ने राज्य में 278 किलोमीटर लंबी नई रेल लाइन बिछाने की मंजूरी दे दी है। रेल मंत्री ने खरसिया-नया रायपुर-परमलकसा मार्ग पर पांचवीं और छठी लाइन बिछाने के लिए 8741 करोड़ रुपये की परियोजना को स्वीकृति दी है। इस प्रोजेक्ट से छत्तीसगढ़ के आठ जिलों को सीधा लाभ मिलेगा। इस नई रेल लाइन के बनने से रायगढ़, जांजगीर-चांपा, सक्ती, बिलासपुर, बलौदा बाजार, रायपुर, दुर्ग और राजनांदगांव जिलों को बेहतर रेल कनेक्टिविटी मिलेगी। इससे यात्री परिवहन के साथ-साथ औद्योगिक और माल परिवहन को भी गति मिलेगी। बलौदा बाजार के यात्रियों को भविष्य में ट्रेन का सफर करने भाटापारा नहीं जाना होगा।



### नए क्षेत्रों को सीधी कनेक्टिविटी

ये चारों परियोजनाएं महाराष्ट्र, ओडिशा और छत्तीसगढ़ के 15 जिलों में 1247 किलोमीटर तक रेलवे नेटवर्क का विस्तार करेंगी। इससे भारत के व्यस्त रेलवे मार्गों पर भीड़भाड़ कम होगी और ट्रेनों की समय पर आवाजाही सुनिश्चित होगी। रेल मंत्री ने बताया कि खरसिया-नया रायपुर-परमलकसा रेलवे लाइन बनने से बलौदा बाजार जैसे नए क्षेत्रों को सीधी कनेक्टिविटी मिलेगी। इससे इस क्षेत्र में सीमेंट उद्योग और अन्य औद्योगिक इकाइयों की स्थापना की संभावनाएं बढ़ेंगी। इस रूट पर कृषि उत्पाद, उर्वरक, कोयला, लौह अयस्क, इस्पात, सीमेंट और चूना पत्थर जैसी वस्तुओं का परिवहन आसान होगा।

### माल ढुलाई और यात्री सेवा होंगे सुगम

केंद्रीय कैबिनेट ने भारतीय रेलवे की क्षमता बढ़ाने के लिए चार बड़ी मल्टीट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इन परियोजनाओं की कुल लागत 18,658 करोड़ रुपये होगी और इन्हें वित्त वर्ष 2030-31 तक पूरा करने का लक्ष्य है। इनका उद्देश्य रेलवे की क्षमता बढ़ाकर माल ढुलाई और यात्री सेवाओं को अधिक सुगम बनाना है, जिससे देश की लॉजिस्टिक्स प्रणाली अधिक कुशल होगी और परिवहन लागत में कमी आएगी।

**बिरगांव निगम के जिम्मेदारों का काम में तेजी लाने का दावा, अभी तक सिर्फ गहरीकरण किया**

# 3 तालाबों का कायाकल्प करने तैयारी में लगा दिया 5 महीना, जून से बारिश में रुकेगा काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

निगम ने दो प्रमुख तालाबों को मरीन ड्राइव की तर्ज पर संवारने के लिए एजेंसी तो तय की है। काम की रफ्तार को देखते हुए अटकलें लगाई जा रही कि दो महीने बाद बारिश शुरू होगी। इससे काम भी प्रभावित होने वाला है। ऐसा इसलिए हो रहा है, क्योंकि काम शुरू करने के बाद पांच महीने में गहरीकरण के साथ ही एक हिस्से में ग्रिल ही लगा पाए हैं, जबकि दूसरे तालाब में काम करने के लिए बेस बना पाए हैं।

बिरगांव निगम ने क्षेत्र के दो तालाबों को मरीन ड्राइव की तरह विकसित करने के लिए बनाई गई प्लानिंग पर काम करना शुरू किया। रावांभाठा स्थित खदान डबरी तालाब में काम शुरू करते हुए पांच महीने में सिर्फ स्पेस खाली करवा पाए हैं। इस तालाब को संवारने पर निगम 2 करोड़ 72 लाख खर्च करने वाला है। इस तालाब को सुरक्षित करने के लिए ग्रीलिंग के साथ ही पाथवे, पचरी, कटाव रोकने के लिए टोवल, लाइटिंग, पिचिंग का काम होना प्रस्तावित है। अभी तक जिम्मेदार सिर्फ काम करने के लिए स्पेस तैयार कर पाए हैं। करीब दो महीने बाद बारिश शुरू हो जाती है। ऐसी स्थिति में होने वाले काम प्रभावित होने वाले हैं।



**विजिट करके दिशा-निर्देश दिया है**

जिन तालाबों की बात कर रहे हैं, आज ही वहां जारी काम के लिए विजिट करने गया था। तालाब में होने वाले सभी काम को बरसात शुरू होने से पहले पूरा करने के लिए एजेंसी को दिशा-निर्देश दिया है।

- **नंदलाल देवांगन,** महापौर, नगर निगम, बिरगांव

**रफ्तार धीमी, निर्माण प्रभावित होना तय**

हम चाहते हैं कि क्षेत्र में लोगों को मनोरंजन की सुविधा मिले। तालाबों को मरीन ड्राइव बनाने काम की रफ्तार धीमी है। दो महीने बाद बारिश शुरू होने से जरूरी निर्माण प्रभावित होना तय है।

- **ओमप्रकाश साहू,** नेता प्रतिपक्ष, नगर निगम, बिरगांव

### चौघड़िया तालाब में बना पाएंगे पचरी

जिस रफ्तार से तालाबों का कायाकल्प करने के लिए काम चल रहा है। उसे देखते हुए उरला के चौघड़िया तालाब में पार का कटाव रोकने के लिए टोवल के साथ ही पचरी निर्माण का काम ही समय पर हो सकता है। इस काम के लिए 28 लाख रुपए तय है। जितने स्पेस में काम किया जाना है, वहां ऐसी कोई स्थिति नहीं है, जिससे दो महीने में काम पूरा करने में किसी प्रकार की परेशानी जैसी स्थिति बने। जिम्मेदार इस प्रोजेक्ट को जल्द पूरा करवाने का दावा कर रहे हैं। तालाब में सौंदर्यीकरण के नाम पर पहली बार काम होगा।

### मोती सागर में गहरीकरण ही कर पाए

बुधवारी बाजार के पास मोती सागर तालाब को दूसरे मरीन ड्राइव के रूप में संवारने के बाद खान-पान और मनोरंजन स्थल के रूप में विकसित करने पर 3 करोड़ 92 लाख 60 हजार खर्च होगा। इस तालाब में ही सबसे पहले काम शुरू किया गया। इसके बाद भी अभी तक गहरीकरण के साथ ही एक तरफ से ग्रिलिंग का काम शुरू किया है। पचरी के साथ पाथवे, लाइटिंग, तालाब पार का कटाव रोकने के लिए टोवल वर्क होना है। बारिश होने की स्थिति में काम लंबे समय के लिए रूक सकते हैं, क्योंकि जितने स्पेस में काम होना है। उससे ज्यादा क्षेत्र में बरसात में पानी भराव होता है। पचरी सहित कई काम शुरू नहीं हुए हैं।

# सभापति ने हटवाए अपने ही बैनर-पोस्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर की सड़कों पर लगे विद्युत खंबो सहित अनेक स्थानों पर विभिन्न राजनैतिक पार्टी के नेताओं सहित कई धार्मिक सहित अन्य संगठन व समितियों के लोगों के अवैध रूप से बैनर पोस्टर लगे हुए हैं, जिससे शहर की सुंदरता भी खराब हो रही हैं। रायपुर नगर निगम के नवनिर्वाचित सभापति सूर्यकांत राठौड़ ने शहर की सुंदरता को बनाए रखने की दिशा में एक कदम बढ़ाते हुए सबसे पहले स्वयं की फोटो के साथ लगे बैनर-पोस्टरों को हटवाने की कार्रवाई की।

सभापति सूर्यकांत राठौड़ के शपथ ग्रहण समारोह को लेकर उनके समर्थकों ने निगम मुख्यालय के सामने सड़क पर लगे पोल सहित कई जगहों पर शुभकामना संदेश के साथ उनकी फोटो लगे बैनर-पोस्टर टांगे थे। सभापति ने पदभार सभांलने के बाद शुक्रवार को निगम मुख्यालय के सामने पोल पर जगह-



जगह अपने बैनर-पोस्टर लगे देखे, जिसे उन्होंने तत्काल हटाने अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके बाद निगम की टीम ने सभी बैनर-पोस्टर को हटाने की कार्रवाई की। सभापति के निर्देश पर हुई कार्रवाई के बाद निगम मुख्यालय के अधिकारी-कर्मचारियों से लेकर पार्टी के कार्यकर्ता भी उनके द्वारा उठाए गए इस कदम की सराहना की जा रही हैं।

### शहर को सुंदर बनाने अभियान चलाएंगे

*सभापति सूर्यकांत राठौड़ ने कहा कि शहर की सुंदरता बनाए रखना सभी लोगों की जिम्मेदारी है। इसके लिए सभी को पहल की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि मैंने अपने बैनर-पोस्टर को हटवाने की कार्रवाई कर इसकी पहल की है, जिसे हर व्यक्ति को करना चाहिए। शहर सुंदर रहे यह हर व्यक्ति चाहता है, लेकिन सुंदर तभी होगा जब लोग अपनी जिम्मेदारी समझेंगे। उन्होंने कहा कि शासकीय संम्पत्तियों पर लगे बैनर-पोस्टर को हटाने की शुरूआत हुई है, जिसे पूरे शहर में लागू करने की व्यवस्था की जाएगी। इसके लिए जरूर पड़ी तो अभियान चलाकर कार्रवाई भी की जाएगी।*

# बीएड शिक्षकों में जागी समायोजन की उम्मीद

**बर्खास्त किए गए सहायक शिक्षकों को समायोजित करने बनाई गई कमेटी की दूसरी बैठक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ शुक्रवार को भी नहीं हो सका अंतिम फैसला, शिक्षकों से कहा– ना करें उग्र प्रदर्शन

न्यायालय से आदेश के बाद निकाले गए बीएड डिग्रीधारी शिक्षकों के समायोजन को लेकर अंतिम फैसला शुक्रवार को भी नहीं हो सका है। बर्खास्त शिक्षकों के समायोजन के लिए प्रशासन द्वारा मुख्य सचिव की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय कमेटी बनाई गई थी। इस कमेटी की दूसरी बैठक शुक्रवार को हुई। अंदरूनी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, बर्खास्त बीएड शिक्षकों को स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत सहायक शिक्षक विज्ञान प्रयोगशाला पद पर समायोजित किया जाएगा।

इसे लेकर बैठक में प्रस्ताव भी रखा गया, जिसका किसी भी सदस्य द्वारा विरोध नहीं किया गया। ऐसे में उम्मीद की जा रही है कि बीएड शिक्षकों का समायोजन इन पदों पर ही होगा। पांच सदस्यीय कमेटी में मुख्य सचिव अमिताभ जैन, स्कूल शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी, वित्त सचिव मुकेश बंसल, सामान्य प्रशासन सचिव अविनाश चंपावत और विधि सचिच रजनीश श्रीवास्तव शामिल हैं। बैठक में भी ये उपस्थित रहे। नवीन शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होने के पूर्व शिक्षकों के समायोजन की उम्मीद जताई जा रही है।



### नियमों को लेकर फंस रहा है पेंच

शासन शिक्षकों के समायोजन के पक्ष में है, लेकिन पेंच नियमों को लेकर फंस रहा है। किसी भी विभाग में नियुक्ति या तो मेरिट बेस पर होती है अथवा आयोजित की गई भर्ती परीक्षा के आधार पर। नौकरी से निकाले गए इन शिक्षकों की नियुक्ति का आधार तलाश जा रहा है, ताकि पद प्रदान करने के बाद पुनः किसी तरह की विवाद की स्थिति सामने ना आए और शासन को कानूनी लड़ाई ना लड़नी पड़े। इसके लिए विधि विशेषज्ञों की भी मदद ली जा रही है। शिक्षा विभाग में रिक्त पदों की जानकारी प्रथम बैठक के पूर्व ही मंगाई जा चुकी थी। अब केवल समायोजन का मार्ग ढूंढा जा रहा है।

### दिसंबर से जारी है प्रदर्शन


दूसरी ओर अधिकारियों द्वारा शिक्षकों को सकारात्मक रवैया रखने और उग्र प्रदर्शन ना करने की समझाइश दी गई है। नौकरी से निकाले जाने संबंधित आदेश के बाद से ही शिक्षकों द्वारा दिसंबर माह से लगातार धरना-प्रदर्शन कर शासन का ध्यान अपनी ओर आकर्षिक करने की कोशिश की जा रही है। बीच-बीच में इनका प्रदर्शन उग्र भी होता रहा है। गौरतलब है कि 2621 शिक्षकों को नौकरी से निकाला गया है। इनके स्थान पर डीएलएड डिग्रीधारी उम्मीदवारों को नियुक्ति प्रदान की जा रही है। कुछ संभाग में यह प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है तो कुछ में अंतिम चरण में है।

# अप्रैल में भी बिजली की खपत में गर्मी, बन सकता है नया रिकॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ मार्च में खपत जा चुकी है 65 सौ मेगावाट के पार

प्रदेश में अप्रैल में भी बिजली की खपत में गर्मी लगातार बरकरार है। दो दिनों तक मौसम के कारण खपत में गिरावट आने के बाद फिर से लगातार खपत बढ़ रही है। पीकआवर में खपत 63 से 64 सौ मेगावाट तक जा रही है। इस माह एक नया रिकॉर्ड बन सकता है। खपत कभी भी 66 सौ मेगावाट तक जा सकती है। बीते माह मार्च में नया रिकॉर्ड बना था।



माह के अंतिम दिन 31 मार्च को पहली बार खपत पीकआवर में शाम को सात बजे 6548 मेगावाट तक पहुंची। इसके पहले इतिहास में कभी भी खपत इतनी नहीं पहुंची थी। खपत के सात हजार मेगावाट तक जाने की संभावना हो गई है। लेकिन गर्मी में एक सबसे बड़ी समस्या यह भी है कि छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी के उत्पादन संयंत्र कभी भी हांफ जाते हैं। अप्रैल के पहले सप्ताह में बिजली की खपत में दो दिनों तक मौसम के कारण राहत रही है। जो खपत मार्च के अंतिम दिन 65 सौ मेगावाट के पार हो गई थी, वह अप्रैल में 53 सौ मेगावाट तक आ गई। लेकिन अब खपत वापस बढ़ने लगी है। फिर से खपत पीकआवर में 64 सौ मेगावाट तक जा रही है।

पॉवर कंपनी के अधिकारियों का तो दावा है कि गर्मी को देखते हुए बिजली की भरपूर व्यवस्था की गई है। इसमें संदेह नहीं है कि अगर खपत 66-67 सौ मेगावाट तक भी गई तो परेशानी नहीं होगी, क्योंकि अपना उत्पादन 25 से 26 सौ मेगावाट हो जाता है।

### मार्च में बना नया रिकॉर्ड

*मार्च में आमतौर पर बिजली की खपत इतनी ज्यादा नहीं होती है जितनी इस बार हुई है। पहले फरवरी में खपत छह हजार मेगावाट के पार गई। इसके बाद मार्च में यह खपत पहले 62 सौ मेगावाट के पार हुई। इसके बाद मार्च के अंतिम सप्ताह में खपत ने 64 सौ मेगावाट को पार किया। इसके बाद मार्च के अंतिम दिन खपत ने नया रिकॉर्ड बना दिया। 31 मार्च को पीकआवर में खपत पहले 65 सौ मेगावाट के पार हुई। इसके बाद खपत बढ़ते-बढ़ते 6548 मेगावाट तक पहुंच गई। इसके बाद खपत कम हो गई और फिर खपत 64 सौ मेगावाट तक आ गई।*

## बिजनेस साइट

### श्री मेडिशाइन हॉस्पिटल का हेल्थ शाइन कार्यक्रम 30 अप्रैल तक

**रायपुर।** स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करने और उत्कृष्ट चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करने के उद्देश्य से श्री मेडिशाइन हॉस्पिटल, न्यू राजेंद्र नगर रायपुर द्वारा 4 से 30 अप्रैल तक एक विशेष हेल्थ शाइन कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस हेल्थ शाइन कार्यक्रम के तहत अस्पताल के अनुभवी चिकित्सकों द्वारा मरीजों को परामर्श और चिकित्सा जांच की सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। इस विशेष शिविर में दिमाग और नसों से जुड़ी समस्याओं का समाधान, हड्डियों और जोड़ों के उपचार के लिए विशेषज्ञ परामर्श, दिल की बीमारियों से संबंधित इलाज, गुर्दे और मूत्र प्रणाली से संबंधित उपचार, श्वसन समस्याओं का निदान, पाचन तंत्र की बीमारियों का उपचार मिलेगा। साथ ही परामर्श शुल्क पर 50 प्रतिशत छूट, सभी मेडिकल टेस्ट पर 15 प्रतिशत छूट, दवाइयों पर 7 प्रतिशत छूट मिलेगी।



### स्किन व्हाइटनिंग के लिए ग्लूटाथायोन इंजेक्शंस एक मिथक : डॉ. मनोज अग्रवाल

**रायपुर।** वरिष्ठ त्वचा विशेषज्ञ डॉ. मनोज अग्रवाल ने कहा कि गोरी त्वचा की चाहत अब एक सामाजिक जुनून बन चुकी है और इसे ध्यान में रखते हुए बाजार में ग्लूटाथायोन इंजेक्शंस की बाढ़ आई हुई है। ग्लूटाथायोन एक प्राकृतिक एंटीऑक्सिडेंट है, जो शरीर में उत्पन्न होता है और कोशिकाओं की सुरक्षा करने के साथ-साथ विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में मदद करता है। इसका उपयोग चिकित्सा क्षेत्र में लीवर रोग और कैंसर के कुछ उपचारों में किया जाता है। डॉ. अग्रवाल ने स्पष्ट किया कि इसके लिए कोई ठोस वैज्ञानिक आधार नहीं है। ग्लूटाथायोन इंजेक्शंस की प्रभावशीलता को साबित करने के लिए अब तक कोई महत्वपूर्ण क्लीनिकल ट्रायल नहीं हुआ है। इसे एक मिथक के रूप में रेट किया गया है। डॉ. अग्रवाल ने कहा, ग्लूटाथायोन इंजेक्शंस गोरेपन का कोई वैज्ञानिक समाधान नहीं हैं। न इसके कोई ठोस प्रमाण हैं, न ही यह विशेषज्ञों की मंजूरी प्राप्त करता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे किसी प्रमाणित त्वचा विशेषज्ञ से ही सलाह लें और बिना वैज्ञानिक प्रमाण के किसी भी प्रकार के उपचार से बचें।




**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-3 तहसील रायपुर, जिला रायपुर**

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम कोटा-3 प.ह.नं. 51 रा.नि.मं. रायपुर-3 तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) स्थित भूमि के संबंध में आवेदिकगण 1. दिपाली पति राकेश टावरी, राकेश पिता मांगीलाल टावरी निवासी चौबे कालोनी रायपुर के द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 16/2 (शामिल 17/2) रकबा 0.4660 हेक्टेयर का सीमांकन हेतु आवेदन न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 28.02.2025 के परिपालन में दिनांक 07.04.2025 को 12.00 बजे/पश्चात किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बंटाकनधारी भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय पर पटवारी कार्यालय मे उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी उजर, दावा अथवा आपत्ति हो तो समक्ष प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन उपरांत किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगा। सो सूचना जाने।

**राजस्व निरीक्षक रायपुर-3**


Email ID -
ABHAY NAGINCHAND BUCHHA, YASH BUCHHA
NAGINCHAND BUCHHA, ABHAY NAGINCHAND

### स्वास्थ्य सचिव से मिले जूनियर डॉक्टर

**रायपुर।** जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन ने स्वास्थ्य सचिव से मिलकर अपनी समस्या से उन्हें अवगत कराया। उन्हें बताया गया कि पोस्ट एमबीबीएस एवं तथा पोस्ट पीजी बांड की अवधि राशि कम करने आग्रह किया। इसी तरह पोस्ट पीजी बॉडेड डॉक्टर्स की वेतन विसंगति को दूर करने का आग्रह किया गया, जिनका वेतन पीजी छात्रों से कम है। इसके अलावा उन्होंने एमबीबीएस बांड को खत्म करने एवं पीजी/ सुपरस्पेशलिटी केकी संपत्ति गिरवी रखने वाले नियम को शिथिल करने का मांग की है।

## पेज 9 के शेष

### वायरल होने का खौफ...

हैं। इसकी ही नकल छात्र कर रहे हैं। मूल्यांकनकर्ताओं का कहना है कि उन्हें प्रभावित करने और अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए विद्यार्थियों ने अपना पैटर्न बदला है। पहले की तरह इमोशनल नोट्स वे नहीं लिख रहे हैं। इसके स्थान पर इमोजी बना रहे हैं। बड़ी कक्षाओं के छात्रों की तुलना में छोटी कक्षा के छात्रों में यह ट्रेंड अधिक है। गौरतलब है कि माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित दसवी-बारहवीं की परीक्षाएं समाप्त हो चुकी हैं। परीक्षाएं समाप्त होने के पूर्व ही 26 मार्च से मूल्यांकन प्रारंभ कर दिया गया था। प्रदेश में मूल्यांकन के लिए 36 केंद्र बनाए गए हैं। राजधानी में दानी गर्ल्स स्कूल और जेएन पांडेय विद्यालय में मूल्यांकन कार्य जारी है। यहां कॉपियां जांच रहे शिक्षकों का कहना है कि उत्तरपुस्तिकाओं में पैसे अब बहुत ही कम छात्र दबाते हैं। यदि दबाते भी हैं तो 10-20 रुपए ही होते हैं।

### वायरल होती रही...

फेक होती हैं, लेकिन कुछ सही भी होती हैं। दिन का लंबा वक्त इंस्टाग्राम और यू-ट्यूब में रिल्स देखने में बिताने वाले विद्यार्थियों में वायरल होने का भी खौफ होता है। यह भी एक कारण है कि पहले की तुलना में छात्रों ने अपना पैटर्न बदल दिया है।

HEALTH TOWN

श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
वैद्य-डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
बस्ति
उत्तर बस्ति
जानु बस्ति
इत्यादि।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# पापुनि को पेपर खरीद प्रक्रिया से 50 करोड़ रुपए की बचत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार ने भ्रष्टाचार पर एक और कड़ा प्रहार करते हुए करीब 50 करोड़ रुपये की सरकारी धनराशि बचाने में सफलता हासिल की है। यह बचत स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा की गई पारदर्शी पेपर खरीद प्रक्रिया के माध्यम से संभव हुई है, जिसे पूरी निगरानी और निष्पक्षता के साथ अंजाम दिया गया।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह और स्कूल शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी, पाठयपुस्तक निगम के एमडी संजीव झा ने मिलकर एक कार्य योजना तैयार की और जेम पोर्टल के माध्यम से निष्पक्ष निविदा प्रक्रिया अपनाई गई। पिछली सरकार के कार्यकाल में पाठ्य पुस्तक निगम द्वारा 10,000 टन पेपर 113 रुपये प्रति किलो की दर से खरीदा गया था।

12 प्रतिशत जीएसटी जोड़ने के बाद 8000 टन पेपर की कीमत 125 रुपये प्रति किलो तक पहुँच गई थी। वहीं, वर्तमान सरकार ने सिर्फ 78 रुपये प्रति किलो (जीएसटी सहित) की दर से वही मात्रा खरीदी, जिससे सरकार को लगभग 50 करोड़ रुपये की सीधी बचत हुई है। खास बात यह है कि छत्तीसगढ़ की यह दर पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश की तुलना में भी काफी कम है, जहां वर्तमान में पेपर की दर 102 रुपये प्रति किलो है। हर साल की तरह इस वर्ष भी 2025-26 के लिए स्कूली किताबों की छपाई हेतु 8000 टन कागज की निविदा जारी की गई थी, जबकि पिछले साल लगभग 125 करोड़ रुपये की खरीदी हुई थी।

## एनजीओ ऑफिस में चोरी

रायपुर। खम्हारडीह थाना में पेशे से पत्रकार तथा एनजीओ संचालक ने उसके अनुपम नगर स्थित कार्यालय से अज्ञात चोर के खिलाफ 95 हजार रुपए के कैमरे तथा कंप्यूटर उपकरण के साथ हार्डडिस्क चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पिंकू घोष ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है।

# पूर्व सीएम के खिलाफ रीविजन याचिका पर 7 को होगी सुनवाई


हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सेक्स सीडी मामले में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को कोर्ट से राहत मिलने के बाद सीबीआई के वकील द्वारा कोर्ट में सीबीआई की विशेष अदालत में रीविजन याचिका दायर की गई है। मामले की सुनवाई 7 अप्रैल को होगी। भूपेश बघेल की ओर से उनके अधिवक्ता के रीविजन आवेदन की प्रति उपलब्ध कराए जाने का अनुरोध किया। साथ ही बताया कि जिस आधार पर ट्रायल कोर्ट के ऑर्डर के आदेश को चुनौती दी गई है। उसका अध्ययन करने के बाद जवाब पेश किया जाएगा। ट्रायल कोर्ट के आदेश को सेशन कोर्ट में लगाए गए रीविजन आदेश पर बचाव पक्ष की ओर से तर्क प्रस्तुत किया जाएगा।













शक्ति की आराधना के साथ अलग-अलग ...

## एजुकेशन अपडेट

### सहायक सांख्यिकी अधिकारी भर्ती परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र जारी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा 13 अप्रैल 2025 (रविवार) को कृषि विभाग अंतर्गत सहायक सांख्यिकी अधिकारी भर्ती परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। व्यापम द्वारा बेबसाइट में भर्ती परीक्षा का प्रवेशपत्र जारी कर दिया गया है। अभ्यर्थी व्यापम की नई वेबसाइट https://vyapamcg.cgstate.gov.in/ पर उपलब्ध लिंक पर क्लिक कर अपने प्रोफाइल लॉगिन कर प्रवेशपत्र डाउनलोड कर सकते हैं। अभ्यर्थी अपने पंजीकृत मोबाइल नंबर पर प्राप्त एसएमएस के यूआरएल को क्लिक कर अपने किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केन्द्र के संबंध में कठिनाई होती है तो हेल्पलाइन नंबर 0771-2972780 एवं मोबाइल नंबर +91-8269801982 पर समय प्रातः 10 बजे से शाम 5.30 बजे तक संपर्क कर सकते हैं।

### वनरक्षक के पदों का अंतिम परिणाम जारी

अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक छत्तीसगढ़, नवा रायपुर के अंतर्गत वनरक्षक के पदों की भर्ती के लिए व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा 22 सितंबर 2024 को लिखित परीक्षा आयोजित की गई थी। इस परीक्षा के मॉडल उत्तर 5 मार्च को जारी कर 12 मार्च 2025 तक दावा आपत्ति मंगाए गए थे। प्राप्त दावा आपत्तियों का निराकरण विषय-विशेषज्ञों द्वारा किया जाकर अंतिम उत्तर 28 मार्च 2025 को जारी कर दिया गया है। परीक्षा के अंतिम उत्तर व्यापम की वेबसाइट पर भी अपलोड किया गया है। व्यापम की वेबसाइट **https://vyapamcg.cgstate.gov.in/** में अभ्यर्थी स्वयं के प्रोफाइल लॉगिन कर परीक्षा परिणाम प्राप्त कर सकते हैं।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए आवेदन 15 अप्रैल तक

छत्तीसगढ़ राज्य के निवासी, जो छत्तीसगढ़ राज्य से बाहर (अन्य राज्य) के शासकीय और अशासकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग कॉलेजों, मेडिकल कॉलेजों, नर्सिंग कॉलेजों, पॉलिटेक्निक एवं आई.टी.आई. आदि में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए 2024-25 सत्र में ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के आवेदन आमंत्रित की गई है। यह छात्रवृत्ति कक्षा 12वीं से उच्चतर के लिए उपलब्ध है। इच्छुक विद्यार्थी 03 अप्रैल से 15 अप्रैल 2025 तक ऑनलाइन पंजीयन करा सकते हैं। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने जानकारी देते हुए बताया कि ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के पंजीयन, स्वीकृति और वितरण की प्रक्रिया **http://postmatric-scholarship.cg.nic.in/** पर की जा रही है। विद्यार्थियों द्वारा ऑनलाइन आवेदन (नवीन व नवीनीकरण) के लिए अंतिम तिथि 15 अप्रैल 2025, ड्राफ्ट प्रोपोजल लॉक करने और सेक्शन ऑर्डर लॉक करने की अंतिम तिथि 21 अप्रैल 2025 निर्धारित की गई है।

सप्लीमेंट्री आने पर द्वितीय मुख्य परीक्षा में मिलेगा बैठने का मौका, पास होने पर कॉलेज में ले सकेंगे एडमिशन

# मनपसंद कोर्स चुनने कम अंक नहीं बनेंगे बाधा, अब दूसरी मुख्य परीक्षा देकर बढ़ा सकते हैं विषयों में नंबर

*बोर्ड परीक्षा समाप्त होने के बाद अब छात्रों को उनके परिणाम का इंतजार है। कई छात्रों के मन में कॉलेज में कोर्स चुनने को लेकर उलझन है, जबकि कुछ छात्र इस बात से परेशान हैं कि उनका पेपर ठीक नहीं गया है। छात्रों के मन में यह सवाल है कि क्या कम प्रतिशत वाले छात्र भी मनपसंद कोर्स चुन सकते हैं या नहीं। हरिभूमि की टीम ने इस पर विषय विशेषज्ञों और करियर काउंसलर्स से चर्चा की है, जिन्होंने कहा कि कम अंक लाने वाले छात्र भी प्रतियोगी परीक्षा के लिए तैयारी कर सकते हैं। इसके अलावा, दसवीं कक्षा के बाद भी छात्रों के लिए कई अवसर मौजूद हैं।*

**रायपुर।** छात्र अपनी काबिलियत के आधार पर सरकारी नौकरी के योग्य बन सकते हैं। जेईई, नीट जैसे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्रों को अधिक तनाव लेने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि थर्ड और सेकेंड डिविजन वाले छात्र भी परीक्षा की तैयारी कर अच्छे कॉलेज में प्रवेश पा सकते हैं।

### द्वितीय मुख्य परीक्षा का कॉन्सेप्ट समझें

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल से जेके अग्रवाल ने बताया कि बोर्ड परीक्षा में कम अंक आने पर छात्रों को द्वितीय मुख्य परीक्षा का अवसर दिया जा रहा है। परीक्षा परिणाम घोषणा के बाद शिक्षा मंडल के वेबसाइड पर इसकी जानकारी प्रकाशित की जाएगी, जिसमें छात्रों को पंजीयन कर विषय चयन करना होगा। उदाहरण के तौर पर विद्यार्थी ए ने गणित विषय में 40 अंक हासिल किया, और छात्र अपना अंक बढ़ाना चाहता हो तो वह दोबारा परीक्षा में बैठ सकता है। जिसमें अगर छात्र ए का नंबर बढ़ता है, तो नया मार्कशीट तैयार होगा। यदि 40 से कम नंबर मिला तो मार्कशीट में नंबर कम नहीं किया जाएगा।





### परफॉर्मिंग आर्ट्स

डांस, म्यूजिक, ओपेरा, थिएटर, संगीत थिएटर, जादू जैसे कलाओं में रूचि रखने वाले बच्चे कोर्स कर सकते है, इसे सभी विषयों के छात्र सरलता से कर सकते हैं। बोर्ड परीक्षा के परिणाम के आधार पर कॉलेज में दाखिला मिलेगा। कोर्स में दाखिला के लिए राजधानी में 5-6 कॉलेज संचालित हो रही हैं।





### प्रतियोगी परीक्षा के लिए विज्ञान-गणित में पकड़ जरूरी

मेडिकल या इंजीनियरिंग की पढ़ाई के लिए जेईई,नीट जैसे अनेक प्रतियोगिती परीक्षा की तैयारी जरूरी है। इस स्थिति में छात्र नवीं कक्षा से पढ़ाई शुरू कर सकते हैं, 10वीं के बाद भी तैयारी करना सही होगा। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए विज्ञान, गणित जैसे मुख्य विषयों में बेहतर पकड़ होना जरूरी है।

### चार्टर्ड अकाउंटेंट

चार्टर्ड अकाउंटेंट के लिए बारहवीं के बाद इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया वेबसाइड में पंजीयन कराये। इसके बाद तीन चरणों में पढ़ाई को विभाजित किया गया है। पहला सीए फाउंडेशन कोर्स (चार पेपर), सीए इंटरमीडिएट कोर्स (आठ पेपर), सीए फाइनल कोर्स (आठ पेपर) पास करना होगा, जिसके बाद तीन साल का आर्टिकलशीप संस्थानों के माध्यम से होगा।

### होटल मैनेजमेंट

होटल मैनेजमेंट का कोर्स सभी स्ट्रीम के छात्र कर सकते हैं, जिसके लिए बारहवीं पास होना आवश्यक है। अंग्रेजी में रूचि रखने वाले छात्रों के लिए यह बेहतर अवसर है, जिन छात्रों ने 50 प्रतिशत हासिल किया हो वह भी कॉलेज में दाखिला ले सकते हैं।

### फार्मेसी फिल्ड

विज्ञान विषय के विद्यार्थी 12वीं के बाद प्रतियोगी परीक्षा के अनुसार फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया से मान्यता प्राप्त महाविद्यालय का चयन करें, इसमें बैचलर इन फार्मेसी और डिप्लोमा इन फार्मेसी की डिग्री हासिल करें। इसके आधार पर अस्पताल, क्लिनीक, दवा निर्माण कंपनी, दवा अनुसंधान, मेडिकल मार्केटिंग जैसे अनेक विकल्प होते है।

### इंटीरियर डिजाइनर

इंटीरियर डिजाइनर कोर्स कला, विज्ञान और वाणिज्य स्ट्रीम के छात्र कर सकते हैं, इसके लिए रायपुर में अनेक महाविद्यालय है, जो 3-4 सालों का डिग्री देती है। इंटीरियर डिजाइनर का पैकेज लाखों में होता है।

### बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन

बीबीए कोर्स कोमर्स, आर्ट्स और साइंस स्ट्रीम के छात्र कर सकते हैं,बारहवीं के बाद कम 55-60 प्रतिशत वाले छात्र भी इसमें दाखिला ले सकते हैं।

### सप्लीमेंट्री आने पर मिलेगा दोबारा मौका

पढ़ाई में कमजोर छात्र जिनका परीक्षा में यदि सप्लीमेंट्री आ जाये, तो वह भी द्वितीय मुख्य परीक्षा में बैठ सकते हैं। अगर कोई छात्र 2 विषय में सप्ली आया हो तो उन्हें भी मौका दिया जाएगा, जिसमें पास होने पर नया मार्कशीट बनाया जाएगा और छात्र को पास घोषित किया जाएगा। इसका योजना का लाभ सभी छात्र ले सकते हैं, यदि महाविद्यालय में दाखिला के लिए नंबर कम लगे तो दोबारा एग्जाम अटेंड कर सकते हैं।

### प्रतियोगी परीक्षा के लिए 55-60 अंक की जरूरत

प्रतियोगी परीक्षा के प्रशिक्षक केएम अग्रवाल ने बताया कि दसवीं के होनहार विद्यार्थी बोर्ड परीक्षा के बाद अग्निवीर में भर्ती हो सकते हैं। सभी प्रकार के प्रतियोगी परीक्षा की पढ़ाई के लिए 55-60 प्रतिशत अंक बहुत है। विद्यार्थी अपना मनोबल कम ना होने दे, वह प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी जारी रखे।

### विज्ञान के लिए स्वर्णजयंती फैलोशिप योजना

प्रशिक्षक अग्रवाल ने बताया कि दसवीं-बारहवीं के जिन छात्रों को विज्ञान में रुचि है, जो नवीन तकनीकों का आविष्कार करना चाहते हैं। उनके लिए भारत सरकार द्वारा किशोर वैज्ञानिक प्रोत्साहन योजना और स्वर्णजयंती फेलोशिप योजना की शुरूआत की गई, इसमें छात्रों को अविष्कार के लिए साइंस सेंटर दिया जाएगा, साथ ही फैलोशिप प्रोत्साहन राशि के तौर पर दिया जाएगा। जो छात्र भविष्य में वैज्ञानिक बनना चाहते है, वह इस योजना का लाभ ले सकते हैं।

## सिटी इवेंट

### वीर कार्निवल में धार्मिक और मनोरंजक स्पर्धा में दिखा उत्साह



**रायपुर।** दादाबाड़ी में जैन ट्रेड फेयर के चौथे दिन शुक्रवार को समर्पण सखी महिला मंडल की ओर से वीर कार्निवाल का आयोजन किया गया। वीर कार्निवल के अंतर्गत रिंगमास्टर में जीवों को पहचानने के लिए पांच मौके, धैर्य की परख के लिए धार्मिक 10 चीजों को बैलेंस करने, व्हील का फॉर्चून, अंकों का खेल- क्रम बताओ मंजिल पाओ, हमारी आर्मी, मोक्ष का चक्र, टांग ट्विस्टर, पापों का त्याग-जागे भाग जैसे धार्मिक और रोचक खेलों का आयोजन किया गया। वीर कार्निवल में भाग लगने वाले महिलाओं और बच्चों सभी को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।

### फैंसी ड्रेस स्पर्धा में परी प्रथम

नवकार महिला मंडल की ओर से डीडीनगर स्थित दिगंबर जैन मंदिर में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्पर्धा में 50 से अधिक बच्चों ने भाग लिया और सभी ने धार्मिक एवं रोचक वेशभूषा में अपनी प्रस्तुति दी। स्पर्धा में परी चौरड़िया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।



### महावीर की गाथा आज

समिति की ओर से स्व. लूनकरण जी पारख एवं विमलादेवी पारख के आत्मश्रेयार्थ महावीर की गाथा का आयोजन 5 अप्रैल को रात 8.08 बजे जैन दादाबाड़ी में होगा। कार्यक्रम में विशेष रूप से डिंपल शाह एवं कलाश्री ग्रुप सूरत की प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण कर्णस्वरूप में नवकार मंत्र की प्रस्तुति मंत्र भलो नवकार, पंचकल्याणक टाइटल डांस, रुद्रा रंगीला कर्ण आधारित 14 स्वप्न, 56 दिककुमारी अन्य स्टेज ग्रुप के साथ, नगरी ध्यान बनी प्रभु जन्म, कुमार का संयम, महावीर तेरे ही नाम से हम पहचाने जाते हैं, जन्म जयंती महोत्सव गीत होंगे।

### नौकायन से ठंडक और सुकून का एहसास.....

रायपुर। आसमान में बदली के बाद शाम और रात का मौसम अब सुहाना हो चुका है। ठंडी हवाओं का आनंद लेने के लिए बड़ी संख्या में लोग महादेवघाट पर नौकायन का लुत्फ उठा रहे हैं। इस ठंडक में लोग सुकून महसूस कर रहे हैं और एक शांतिपूर्ण अनुभव का आनंद ले रहे हैं।



### गीता के उपदेश से ली प्रेरणा, लीला के नेत्रदान से दो लोग देख सकेंगे दुनिया

**रायपुर।** धर्मग्रंथ सदैव हमें अच्छे कार्यों की प्रेरणा देते हैं। बहुत कम लोग होते हैं, जो उनके उपदेशों को आत्मसात कर पाते हैं। इसे चौबे कॉलोनी निवासी 93 वर्षीय स्व. लीला प्रभाकर राव गुलकरी ने अपनाया। उनके बेटे विलास और अजय, बेटी वीणा और प्रतिभा ने मां के निधन के बाद उनके विचारों का सम्मान करते हुए उनका नेत्रदान किया। अब उनकी आंखों से दो नेत्रहीन बच्चे इस सुंदर दुनिया को देख सकेंगे। स्व. लीला ताई ने स्वयं पांच वर्ष पहले ही सामाजिक कार्यकर्ता विक्रम हिशीकर को नेत्रदान के लिए अपनी सहमति और नेत्रदान के लिए घोषणापत्र भरकर दिया था।



#### लोगों ने किया इस निर्णय का सम्मान

सामाजिक कार्यकर्ता ने बताया कि उनकी आंखें अब दो नेत्रहीन बच्चों की जिंदगी में रंग भर सकेंगी। जो लोग कोटा मुक्तिधाम में उनकी अंतिम यात्रा में शामिल हुए, उन्होंने भी स्व. लीला ताई के विचारों का सम्मान किया। साथ ही इस प्रेरणादायी कार्य के लिए गुलकरी परिवार को साधुवाद दिया। श्री हिशीकर बताते हैं कि वे महाराष्ट्र मंडल की आजीवन सदस्य होने के साथ ही धार्मिक भाव रखती थीं। उन्होंने श्रीमद भागवत गीता के उपदेश को जीवन का हिस्सा बनाते हुए मृत्यु के बाद भी धर्मभाव को चरितार्थ किया।



गांधी मैदान रंग मंदिर ऑडिटोरियम में तीसरे दिन 80 प्रतिभागियों ने स्टेज पर मचाई धूम

# शास्त्रीय नृत्य में शिव तांडव, शक्ति की झलक गेस्ट आर्टिस्टों ने कथक से समां बांधा

**रायपुर।** संगीत कला अकादमी की पहल से शहर के गांधी मैदान स्थित रंग मंदिर ऑडिटोरियम में नृत्यों कि अलग-अलग विधा से जुड़े उभरते कलाकारों ने शिव तांडव और शक्ति के स्वरुप को कत्थक में पेश करते हुए कला प्रेमियों के बीच समां बांधा। प्रतिभागियों को मंच देने का सिलसिला तीसरे दिन जारी रहा। कला अकादमी की डायरेक्टर संगीता काप्से के मार्ग दर्शन में नटरंग फेस्टिवल में शुक्रवार को रंग जमाने के लिए खैरागढ़ यूनिवर्ससिटी, रायगढ़ और रायपुर की नृत्यांगनाओं ने समुह नृत्य पेश किया। सुबह 9 से रात 9 बजे के बीच एक-एक करके छत्तीसगढ़ के सभी बड़े शहरों से शिरकत करने के लिए 80 प्रतिभागी पहुंचे। उनको मंच से जोड़ने का दायित्व नटरंग का संचालन करते हुए ऐश्वर्या काप्से ने बखुबी निभाया।



### तीन गेस्ट आर्टिस्टों ने दी प्रस्तुति



डायरेक्टर ने बताया कि शुक्रवार को तीन गेस्ट आर्टिस्टों ने नृत्य पेश किया। इनमें कृपा राम बंजारे ने भरतनाट्यम तो राधिका शर्मा ने कत्थक में शिव तांडव और शक्ति स्वरुप की झलक पेश करके सभी दर्शकों से वाहवाही लूटी। अगले क्रम में डॉली थारवानी ने लखनऊ घराने से जुड़ी कत्थक नृत्य पेश करते हुए लोगों का मन मोह लिया। उभरते कलाकारों का हौसला आफजाई करने के लिए चीफ गेस्ट प्राइवेट स्कूल के डायरेक्टर आशुतोष सिंह और हिमानी सिंह मौजूद रही। उन्होंने कलाकारों के नृत्य कौशल को सराहा।

### 7 प्रतिभाओं को दिया नवरंग अवार्ड

अकाडमी के इस आयोजन में निर्णायक की भूमिका जुगराज वाघ और डॉ.राखी राय ने निभाते हुए सात प्रतिभागियों को नवरंग अवार्ड के लिए चुना। उनके प्रमाण पत्र के साथ सम्मानित किया गया। मंच पर शनिवार को नए कलाकारों द्वारा नृत्य पेश किया जाएगा। वहीं 6 अप्रैल को इस फेस्टिवल को सजाने के लिए गुरुओं और शिष्यों की जुगलबंदी आकर्षण का केन्द्र रहेगा। इसमें लगभग सभी शहरों से आने वाले गुरुओं व शिष्यों द्वारा अलग-अलग घरानों से जुड़ी नृत्य विधा को मनमोहक अंदाज में पेश किया जाएगा।

## समाज लाइव

# भोजपुरी समाज ने सुख-समृद्धि के लिए चैती छठ पर की पूजा



**रायपुर।** बिरगांव के व्यास तालाब घाट पर भोजपुरी समाज और छठ पूजा समिति ने पारंपरिक श्रद्धा, आस्था के साथ चैती छठ महापर्व का आयोजन किया। इसमें छठ व्रतधारी निर्जला उपवास रखते हुए आयोजन का हिस्सा बने। उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित करते हुए छठ माई की आराधना के साथ परिवार में खुशहाली, सुख-समृद्धि के लिए विधि-विधान से चैती छठ पूजा करने के लिए पहुंचे। इस आयोजन के बारे में समिति के रंजय सिंह, रविंद्र सिंह ने बताया कि चैती छठ पूजा का आयोजन कई वर्षों से किया जा रहा है। यह सूर्य देवता और छठी माई की आराधना से जुड़ा एक महत्वपूर्ण आस्था का लोकपर्व है।

### समिति ने कराई व्यास तालाब में सफाई

आयोजन समिति ने आगे बताया कि यह पर्व विशेष रूप से उगते और डूबते सूर्य को अर्घ्य देने की परंपरा पर आधारित होता है। व्रतधारी इस दौरान कठिन नियमों का पालन करते हुए सूर्यदेव से सुख, समृद्धि और विश्व कल्याण के लिए प्रार्थना करते हैं। पूजास्थल पर भक्तों की उपस्थिति को देखते हुए आयोजन की व्यवस्था से यह सिद्ध किया कि भोजपुरी समाज के लोग संस्कृति और परंपराओं के साथ मजबूती से जुड़े हैं। आयोजन को सफल बनाने में अजय सिंह, सतीश सिंह, सतेन्द्र सिंह, नंदकिशोर शर्मा, ब्रजेश सिंह, हरिशंकर मिश्रा और कुंदन यादव, रंजय सिंह ने छठ तालाबों की सफाई कराई।

## कैंपस लाइव

# फाउंडेशन की पहल, उत्कल समाज के युवाओं को देंगे रोजगार प्रशिक्षण



रायपुर। कुछ दिनों पहले शहर के गॉस मेमोरियल मैदान में उत्कल जागरण फाउंडेशन ने ओड़िया अधिवेशन का भव्य आयोजन किया। इसकी समीक्षा बैठक में उत्कल समाज के युवाओं को रोजगार से जोड़ने का प्रयास प्रदेशभर में करने और इसके लिए प्रशिक्षण देने का निर्णय लिया है। फाउंडेशन द्वारा आगामी समय में ओडिशा के सीमावर्ती जिलों में ओड़िया युवाओं को कौशल विकास योजना का लाभ दिलाने का प्रयास करने वाला है। उत्कल जागरण फाउंडेशन ने युवाओं को रोजगार प्रशिक्षण के साथ अब शासकीय वित्तीय सहायता दिलाने के लिए भी पहल करने वाला है, ताकि समाज के युवा स्वरोजगार भी कर सकें। इसके साथ ही वे ग्रुप बनाकर किस तरह से खुद स्टार्टअप शुरू कर सकते हैं, यह भी बताने की तैयारी है।

### प्रशिक्षण देने चलाएंगे मुहिम

फाउंडेशन के मेंबर्स द्वारा अभियान चलाया जाएगा। इसका शुभारंभ बस्तर, रायगढ़, गरियाबंध, महासमुंद और दुर्ग जिले से करने का निर्णय लिया है। बैठक में लोकसभा व राज्यसभा में बहुमत से पारित हुए वक्फ कानून को लेकर पदाधिकारियों द्वारा समर्थन किया गया। प्रदेश अध्यक्ष द्वारा कहा गया कि यह कानून सामाजिक न्याय के प्रतीक के रूप में देशभर में स्थापित होगा। इससे राष्ट्र में समरसता का भाव जागृत होगा। अध्यक्ष विशाल मोहंती ने बताया कि मीटिंग में फाउंडेशन के संरक्षक प्रभाकर, ललित दास, गौतम महानंद, उमेश पटनायक, रोशनी प्रधान ने तय जिले के पदाधिकारियों से तालमेल बनाकर युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए प्रशिक्षण देने मुहिम चलाएंगे।

## सिटी लाइव

# हार्ट अटैक घटनाओं से बचने बीपी और शुगर मशीन वितरित



रायपुर। कोरोनाकाल के बाद युवाओं में हार्ट अटैक की घटनाओं में वृद्धि देखी गई है, जबकि ब्लडप्रेशर और शुगर जैसी बीमारियों के कारण कई लोगों की जानें जा चुकी हैं। इस दिशा में जैन संवेदना ट्रस्ट ने महावीर जन्मकल्याणक के अवसर पर 'स्वास्थ्य सजग प्रहरी योजना' की शुरुआत की। इस योजना के तहत जैन परिवारों को बीपी और शुगर जांच करने के लिए मशीनें प्रदान की जा रही हैं। योजना में एक परिवार को 2500 रुपए की सहयोग राशि के साथ सजग प्रहरी बनने का अवसर मिल रहा है। इस योजना के तहत पहले चरण में 50 परिवारों को बीपी और शुगर जांच की 23 मशीनें वितरित की गईं। जैन संवेदना ट्रस्ट के महेंद्र कोचर और विजय चोपड़ा ने बताया कि इस योजना में नौकरीपेशा और मध्यमवर्गीय जैन परिवारों को आवश्यकतानुसार एक बीपी मशीन और एक शुगर टेस्टिंग इक्यूपमेंट दिया जा रहा है।

### दर्ज करा सकते हैं नाम

श्री कोचर व श्री चोपड़ा ने बताया कि जिन साधर्मिक भाई-बहनों के परिवार में ब्लडप्रेशर व शुगर के मरीज हों, वे संपर्क कर नाम दर्ज करा सकते हैं। जैन संवेदना ट्रस्ट के चंद्रेश शाह ने बताया कि संस्था द्वारा शुगर इक्यूपमेंट के साथ एक पैकेट जांच पट्टी भी दी जा रही है, आगे जांच पट्टी स्वयं खरीदनी होगी। वीरेंद्र डागा ने आगे बताया कि जरूरत होने पर ब्लडप्रेशर व शुगर जांच करने का प्रशिक्षण भी दिया जाता है। ज्ञात हो कि जैन संवेदना ट्रस्ट द्वारा विगत दिनों में साधर्मिक स्वावलंबन योजना के अंतर्गत व्यवसाय में सहयोग किया जा रहा है व सुकन्या विवाह योजना पर कार्य किया जा रहा है।

## राजधानी के सभी प्रमुख देवी मंदिरों में अष्टमी तिथि पर आज भक्त सजाएंगे हवन कुंड

# शक्ति की आराधना के साथ अलग-अलग मुहूर्त में आहुति, मंत्रोच्चार के साथ गूंजेगा स्वाहा

'शक्ति स्वरूपा की आराधना के साथ आज अलग-अलग मुहूर्त में श्रद्धालु हवन कुंड सजाने के बाद मंत्रों की गूंज के बीच स्वाहा-स्वाहा का उच्चारण करते हुए आहुति देंगे। इसके पहले सप्तमी तिथि की महत्ता के लिहाज से सभी देवी मंदिरों में माता का श्रृंगार दर्शन करने श्रद्धालुओं का तांता लगा। शनिवार को अलग-अलग मुहूर्त में माता के श्रीधाम में हवन का सिलसिला शुरू होगा। इसके लिए सुबह से कुंड का निर्माण किया जाएगा।'

**रायपुर।** नवरात्रि में घट स्थापना के बाद से जहां सभी देवी मंदिरों में विधि-विधान से पूजा-अर्चना का दौर चल रहा है। वहीं हर तिथि के लिहाज से माता के नौ स्वरूपों की पूजा-अर्चना की जा रही है। इस नवरात्रि शुक्रवार को 4.30 से दूसरे दिन 5 अप्रैल को दोपहर 12 बजे तक सप्तमी रहेगी। इसके चलते अष्टमी तिथि प्रभावी होने के बाद ही हवन-पूजन का सिलसिला शुरू होगा। इसके लिए कई मंदिरों में परंपरा के तहत हवन का विधान किया जाता है। इसके पहले सप्तमी तिथि को देर रात तक देवी मंदिरों के पट खुले रहे, ताकि दूरदराज से आने वाले दर्शनार्थी माता का दर्शन कर सकें। इसके लिए भक्तों की कतार लगी।



शहर के मां सत्ती मंदिर में सप्तमी तिथि पर माता के दरबार में फूलों से त्रिशूल निर्माण के बाद शाम को सैकड़ों दीपों से महाआरती की गई।

### सोने-चांदी के आभूषणों से श्रृंगार

शहर के प्राचीन मां महामाया देवी, कंकाली मंदिर, काली मंदिर, रविवि परिसर में बंजारी मंदिर के साथ ही रावांभाठा बंजारी मंदिर एवं दंतेश्वरी मंदिर में अष्टमी पूजा शनिवार को की जाएगी। इस तिथि से पहले ही देवी मंदिरों में हवन पूजन की तैयारी शुरू हो गई है। देवी मां की अनुमति के बाद हवन कुंड का निर्माण किया जाएगा। सुबह श्रृंगार आरती एवं भोग प्रसादी के बाद मंदिरों में हवन कुंड पूजन भी प्रारंभ होगा। इस अवसर पर देवी माता का सोने-चांदी के आभूषणों और नवीन पोशाक से श्रृंगार किया जाएगा। नवमी को देर रात मुख्य ज्योति कलश का विसर्जन किया जाएगा। इसके बाद घर के ज्योत-जंवारा विसर्जन होगा।



### नवमी की रात ज्योति कलश विसर्जन

आमापारा स्थित शीतला मंदिर के पुजारी राकेश पांडे ने बताया कि शुक्रवार को शाम 4.30 बजे से अष्टमी तिथि प्रारंभ हो गई है, यह निरंतर शनिवार रात्रि 12 बजे तक रहेगी। सप्तमी तिथि को मंदिर के विराजमान दोनों माई का श्रृंगार किया गया, वहीं अष्टमी तिथि को शाम 4 बजे हवन पूजन शुरू होगा। महानवमी रविवार को दोनों मंदिरों में 18 कन्याओं की देवी पूजा की जाएगी। नवरात्रि के अवसर पर देवी मां का मुख्य ज्योति कलश रात्रि 12 बजे के बाद गुप्त रूप से विसर्जित किया जाएगा।



### शाम को श्रद्धालु कुंड में देंगे पूर्णाहुति

रविवि स्थित बंजारी माता मंदिर के सदस्य नरेंद्र गोस्वामी ने बताया कि अष्टमी पर शाम 4 बजे से हवन पूजन शुरू होगा। नवमी तिथि को सुबह महाआरती और राजभोग का आयोजन किया जाएगा। इसमें माता को फलाहारी, मिठाई, राजभोग की प्रसादी अर्पित की जाएगी। इसी तरह काली मंदिर में सप्तमी की रात श्मशान पूजा की गई। इसके लिए रिंगरोड स्थित श्मशान की चारों दिशाओं से मिट्टी लाई गई। अष्टमी हवन से पूर्व माता काली से अनुमति लेने के बाद श्मशान पूजा की जाएगी। हवन कुंड निर्माण के लिए मिट्टी और शुद्ध कुएं के जल का प्रयोग किया जाएगा। शाम 4 बजे से हवन शुरू होगा।

### देर रात तक भक्तों की उमड़ी भीड़

दंतेश्वरी मंदिर के पुजारी जशवंत सिंग ठाकुर ने बताया कि सप्तमी को देवी मंदिर का कपाट देर रात तक श्रद्धालुओं के लिए खुला रहेगा। लगातार दर्शन के लिए लंबी कतार बनी रहती है। नवरात्रि की अष्टमी तिथि को विशेष भोग और स्वर्ण श्रृंगार आकर्षण का केंद्र रहेगा। इसमें माता को प्रिय पकवान पंचमेवा अर्पित किया जाता है। नवमी तिथि को कन्या पूजा और भोग-भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

# नीम के पेड़ से हुई मां शीतला की उत्पत्ति गुफा स्वरूप में विराजमान हैं माता

नवरात्रि विशेष

**रायपुर।** नवरात्रि के पावन अवसर पर हरिभूमि में रोजाना शहर के ऐतिहासिक शीतला मंदिरों का इतिहास प्रकाशित किया जा रहा है। सभी मंदिरों का इतिहास दो-तीन सौ वर्ष से अधिक प्राचीन है। माता शीतला की पूजा ग्रामदेवी के रूप में की जाती है। शहर में आमापारा, बुढ़ापारा, मठपारा, ढीमरपारा, महादेवघाट रोड स्थित अनेक सिद्धपीठ देवी मंदिर हैं, जिनकी पूजा आराध्य देवी के रूप में की जाती है। डगनिया बाजार स्थित सिद्धपीठ श्री शीतला माता मंदिर का इतिहास भी 400-500 साल पुराना है, मान्यता के अनुसार मंदिर में मां शीतला श्वेत स्वरूप में विराजमान हैं।

### मनोकामना ज्योति कलश

हर साल प्रदेशभर के श्रद्धालु माता शीतला के दर्शन के लिए पहुंचते हैं, लोगों के अनुसार मां शीतला सच्चे मन से मांगने पर सभी श्रद्धालुओं की मनोकामना पूर्ण करती हैं। चैत्र नवरात्रि पर 910 मनोकामना ज्योति कलश यहां प्रज्वलित किए गए हैं। नवरात्रि पर्व की अष्टमी तिथि को दोपहर 1 बजे हवन-पूजन का आयोजन किया गया है, साथ ही नवमी के दिन कन्या पूजन और भोग-भंडारा होगा।



### सिद्धि प्राप्त मां शीतला देवी मंदिर

मंदिर के व्यवस्थापक सुकूल राम साहू ने बताया कि माता शीतला की उत्पत्ति भूमि से हुई, जिसे ग्रामदेवी के रूप में पूजा जाता है। सालों पहले नीम के पेड़ की छाया में माता शीतला की उत्पत्ति हुई, जिसके बाद से अब तक देवी मां मंदिर में विराजमान हैं। अक्सर रात्रि को माता शीतला के पायल की आवाज सुनने को मिलती है, बुजुर्गों के अनुसार मां शीतला नजदीक स्थित राधाकृष्ण मंदिर में भ्रमण के लिए आज भी जाती हैं। सिद्धि प्राप्त मंदिर के प्रांगण में सालों पुराना नीम पेड़ अब भी खड़ा है, जिसकी डालियां गर्भगृह की ओर झुकी हुई हैं। गर्भगृह की बनावट अन्य मंदिरों की तुलना में खास है, जहां मां शीतला गोल आकार और गुफा स्वरूप में विराजमान हैं। मंदिर के गर्भगृह में तीन द्वार हैं।

# मैग्नेटो प्रीमियर लीगः लखपति बनने क्रिकेट में खिलाड़ियों का दमदार प्रदर्शन



**रायपुर।** मैग्नेटो मॉल में चल रहे मैग्नेटो प्रीमियर लीग टूर्नामेंट का छठवां दिन बेहद रोमांचक रहा। खिलाड़ियों ने अपने शानदार प्रदर्शन से दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। इस दौरान खेल प्रेमियों में बेहद उत्साह रहा। शुक्रवार को पहले मुकाबले में ग्रॉफोनिक्स क्रिएशन्स और एएनएम एक्सेस्केल एआई टीम आमने-सामने थीं, जिसमें ग्रॉफोनिक्स ने शानदार जीत दर्ज की। इस मैच में मयंक को उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया। वहीं दूसरे मुकाबले में साई गैस और वॉरियर्स के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली, जिसमें वॉरियर्स टीम ने बाजी मारी। इस मुकाबले में हर्ष ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 'मैन ऑफ द मैच' का खिताब अपने नाम किया।

### खिलाड़ियों और दर्शकों में जबरदस्त जोश

*टूर्नामेंट में खिलाड़ियों की खेलभावना और उनके प्रदर्शन ने दर्शकों को बांधे रखा। हर दिन की तरह खेल प्रेमियों का उत्साह देखते ही बन रहा था। आगामी मैचों को लेकर दर्शकों में रोमांच लगातार बढ़ता जा रहा है। मैग्नेटो मॉल के सीईओ राज कुजूर ने बताया कि मैच बहुत ही शानदार चल रहे हैं, हम इसे और भी रोमांचक बना रहे हैं। दर्शकों की भागीदारी और खिलाड़ियों का जोश इस टूर्नामेंट को खास बना रहा है।*

### विजेता को एक लाख, उपविजेता को 50 हजार

*इस टूर्नामेंट के विजेता टीम को 1 लाख रुपए की नकद राशि दी जाएगी, जबकि उपविजेता टीम को 50 हजार रुपए बतौर पुरस्कार दिए जाएंगे। प्रतियोगिता एक से डेढ़ महीने तक चलेगी, जिसमें क्रिकेट प्रेमियों को रोजाना शानदार और रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे। हर दिन नए रोमांच और संघर्षपूर्ण मुकाबलों के चलते मैग्नेटो प्रीमियर लीग टूर्नामेंट लगातार चर्चा में बना हुआ है। आने वाले दिनों में प्रतिस्पर्धा और भी तीव्र होने की उम्मीद है, जिससे खेल प्रेमियों के बीच उत्साह और बढ़ेगा।*

## बूढ़ेश्वर चौक स्थित मंदिर में भक्तों ने की पूजा-अर्चना, हनुमान महापाठ समिति ने की पहल

# जगमगाते रथ पर सजी हनुमानजी की झांकी शोभायात्रा में गूंजा जय श्रीराम का जयघोष

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** रामनवमी पर होने वाले श्री हनुमान महापाठ से पहले आयोजन समिति ने बूढ़ेश्वर चौक स्थित हनुमान मंदिर से शाम 5 बजे भव्य शोभायात्रा का शुभारंभ किया। इससे पहले रंगीन लाइटों से जगमगाते रथ पर हनुमान की मूर्ति स्थापित की गई। इसके बाद महापाठ प्रचार-प्रसार समिति द्वारा शुक्रवार शाम को शोभायात्रा डीजे के साथ लोगों को रामनवमी पर पं. दीनदयाल ऑडिटोरियम में हर साल की तरह आयोजित होने वाले महापाठ में लोगों को शामिल होने के लिए आमंत्रण देने के उद्देश्य से शोभायात्रा के साथ निकले। इससे पहले अपरान्ह 3 बजे से बूढ़ेश्वर चौक हनुमान मंदिर में श्रद्धालुओं ने पूजा-पाठ भी किया।



### इन मार्गों से निकले हनुमान भक्त

शोभायात्रा की अगवाई करते हुए मुकेश शाह, विजय अग्रवाल, योगी अग्रवाल, शिव नारायण मुंदड़ा और राजेश डागा के साथ अमित डोये इसमें प्रमुख रूप से शामिल हुए। झांकी के साथ शोभायात्रा पुरानी बस्ती, कंकलीपारा, तात्यापारा, बढ़ईपारा, रामसागर पारा से होते हुए राठौर चौक स्थित हनुमान मंदिर पहुंची। इस शोभायात्रा के समापन से पहले मंदिर में पूजा-आरती के साथ ही हनुमान चालीसा पाठ किया गया। इसके बाद भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया।

### रामनवमी पर पं. मेहता का प्रवचन

*समिति के प्रवक्ता अमित डोये ने बताया कि श्रद्धालुओं का स्वागत पुरानी बस्ती, तात्यापारा और रामसागर पारा में भक्तों द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि रामनवमी पर पं. दीनदयाल ऑडिटोरियम में शाम 5 बजे से हनुमान चालीसा महापाठ की श्रृंखला शुरू होगी। इसमें शाम 7 बजे से पं. विजयशंकर मेहता इस बार हनुमान चालीसा कल आज और कल विषय पर हनुमानजी के प्रसंगों को जोड़ते हुए कथा श्रोताओं को इसकी महत्ता बताएंगे।*



## सिटी स्पोर्ट्स

### दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के खिलाड़ियों का राष्ट्रीय खो-खो में शानदार प्रदर्शन



**रायपुर।** पुरी, ओडिशा में 31 मार्च से 4 अप्रैल तक आयोजित 57वीं सीनियर राष्ट्रीय खो-खो चैंपियनशिप में भारतीय रेलवे की पुरुष खो-खो टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया। इस प्रतियोगिता में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे खेल संघ के चार उत्कृष्ट खिलाड़ियों ने भारतीय रेलवे की टीम का प्रतिनिधित्व कर इस रेलवे को गौरवान्वित किया। प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ियों में अरुण अशोक गुणकी, सीनियर टेक्नीशियन, बिलासपुर,अभिनंदन महादेव पाटिल, टेकनीशियन-2 बिलासपुर, आदित्य सुनील कुडाले, टेकनीशियन3 बिलासपुर, अक्षय प्रशांत गणफुले, जूनियर टीएनसी, बिलासपुर शामिल हैं। यह भी उल्लेखनीय है कि वर्ष 2023-24 में रेलवे की पुरुष टीम उपविजेता रही थी जबकि महिला टीम विजेता बनी थी। उपरोक्त सफलता पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश सहित अपर महाप्रबंधक एवं खेलसंघ के अधिकारियों ने खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं

### पेनाल्टी शूट से कोरबा सेमीफाइनल में



**भिलाई।** दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे इंस्टीट्यूट बीएमवाय एवं बीएमवाय फुटबॉल क्लब के सयुंक्त आयोजन में राज्य स्तरीय एआरएम कप फुटबॉल प्रतियोगिता के आठवें दिन दो क्वार्टर फाईनल मैच खेले गए। पहला क्वार्टर फाईनल मैच ब्रह्मविद एफसी एवं एसीबी कोरबा के मध्य खेला गया जो कि खेल समाप्ति तक 1-1 की बराबरी पर था। हार जीत का निर्णय पेनाल्टी शूट से लिया गया। जिसमें एसीबी कोरबा ने 6-5 से जीत दर्ज कर सेमीफाईनल में प्रवेश किया। दूसरा क्वार्टर फाईनल दुर्ग बॉयज एवं न्यू मशाल क्लब के मध्य खेला जा रहा है। मैच के मुख्य अथिति भिलाई-चरोदा निगम के सभापति कृष्णा चंद्राकर एवं निर्मल कोसरे महापौर के साथ मोहन साहू (पार्षद), भीम बोदलकर एजीएस बिलासपुर एवं मिलाप साहू (अर्बन बैंक डयरेक्टर) उपस्थित थे। प्रतियोगिता का दूसरा क्वार्टर फाइनल मैच दुर्ग बॉयज एवं न्यू मशाल क्लब के मध्य खेला गया जिसमें दुर्ग बॉयज ने 4-0 से जीत दर्ज सेमीफाइनल में प्रवेश किया। शनिवार 5 अप्रैल को दो सेमीफाइनल मैच खेले जायेंगे। पहला सेमीफाइनल दुर्ग बॉयज एवं बीएमवाय चरोदा के मध्य एवं दूसरा सेमीफाइनल एसीबी कोरबा एवं एनईआई बिलासपुर के मध्य खेला जायेगा।

### सीनियर नेशनल नेटबॉल प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ टीम ने जीता रजत



**रायपुर।** 30 मार्च से 2 अप्रैल तक आयोजित तीसरी राष्ट्रीय सीनियर फास्ट फाइव प्रतियोगिता चंडीगढ़ के पंजाब यूनिवर्सिटी में आयोजित की गई थी। इस प्रतियोगिता के पहले मैच में झारखंड की टीम को 34-12 से, दूसरे मैच में राजस्थान के हाथों हार झेलनी पड़ी 41-24 एवं पूल में दूसरे नंबर पर रहे।

प्री क्वार्टर फाइनल के मुकाबला में तेलंगाना की टीम को एक पॉइंट 31-30से अपने नाम किया एवं क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया. क्वार्टर फाइनल मुकाबले में छत्तीसगढ़ टीम का मैच महाराष्ट्र से हुआ जिसमें एक तरफा मुकाबले में छत्तीसगढ़ टीम ने महाराष्ट्र को 27-15 से हराया एवं सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल मुकाबले में चंडीगढ़ की टीम को छत्तीसगढ़ ने 37-22 से मेजबान चंडीगढ़ की टीम को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। इस मुकाबले में छत्तीसगढ़ के सीनियर खिलाड़ियों ने अपने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए टीम को जीत दिलाई। जिसमें कप्तान इमरान खान, एस मोहन राव, निलेश शर्मा, प्रकाश विश्वकर्मा, मनोज साहू का मैच में काफी शानदार प्रदर्शन रहा।

छत्तीसगढ़ टीम का फाइनल मुकाबला पिछले वर्ष की विजेता टीम हरियाणा से हुआ। हरियाणा के टीम ने शुरू से ही इस मैच में अपना पकड़ बनाए रखी एवं फाइनल मुकाबले में छत्तीसगढ़ के टीम को 42-38 से हराया। छत्तीसगढ़ टीम ने फाइनल मैच में काफी अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन यह मैच नहीं बचा पाए और दूसरे स्थान से ही उनको संतुष्ट होना पड़ा। इस जीत पर नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन की अध्यक्ष मीना केरकेट्टा ने सभी खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के महासचिव राजेश राठौर ने बताया कि खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता के लिए काफी मेहनत की थी।

देश की 38% आबादी लिवर के रोग की शिकार

# कमजोर साबित हो रहा नौजवानों का लिवर गड़बड़ी के लक्षण दिखें तो तुरंत हो जाएं सचेत

लिवर की बीमारियां वैश्विक स्तर पर तेजी से बढ़ रही हैं, विशेषज्ञ कहते हैं, युवाओं में तेजी से बढ़ती ये समस्या काफी चिंताजनक है। कम उम्र में ही लोगों में लिवर की बीमारी, विशेषतौर पर नॉन अल्कोहलिक फैटी लिवर (एनएएफएलडी) डिजीज विकसित होने का जोखिम अधिक देखा जा रहा है।

युवाओं मे बढ़ती इस गंभीर समस्या के बारे में समझने के लिए एम्स के विशेषज्ञों ने अध्ययन किया। इसके विश्लेषण में शोधकर्ताओं की टीम ने पाया कि देश की कम से कम एक तिहाई आबादी (38 प्रतिशत से अधिक) में एनएएफएलडी की समस्या हो सकती है जो निश्चित ही एक गंभीर विषय है।

जर्नल ऑफ क्लिनिकल एंड एक्सपेरिमेंटल हेपेटोलॉजी में प्रकाशित अध्ययन में विशेषज्ञों की टीम ने बताया कि यह समस्या केवल वयस्कों तक ही सीमित नहीं है, लगभग 35 प्रतिशत बच्चों में भी ये दिक्कत देखी जा रही है। गौरतलब है कि लिवर की इस समस्या के कई गंभीर स्वास्थ्य दुष्प्रभाव हो सकते हैं, जिसको लेकर सभी उम्र के लोगों को अलर्ट रहने की आवश्यकता है। एनएएफएलडी किसी भी आयु के व्यक्ति को प्रभावित करने वाली स्थिति हो सकती है।



### एनएएफएलडी की नहीं हो पा रही है समय पर पहचान

स्वास्थ्य विशेषज्ञों की टीम ने बताया, ज्यादातर लोगों में नॉन अल्कोहलिक फैटी लिवर की पहचान नहीं हो पा रही है। इस बीमारी के प्रारंभिक चरणों में अक्सर कोई भी लक्षण नजर नहीं आते हैं, जिससे रोगियों को अपनी समस्या के बारे में पता ही नहीं चल पाता है। कई कारण हैं जो इस बीमारी के जोखिमों को बढ़ाने वाले हो सकते हैं, जिसको लेकर सभी लोगों को निरंतर सावधानी बरतते रहने की आवश्यकता है।

### आहार की गड़बड़ी के कारण बढ़ रहा है जोखिम


स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बताया, फैटी लीवर या स्टीटोहेपेटाइटिस का एक प्रमुख कारण हमारे आहार में गड़बड़ी होना माना जा सकता है। जिस प्रकार से हमारे भोजन में पश्चिमी चीजें बढ़ रही हैं उसने जोखिमों को और भी बढ़ा दिया है। विशेषतौर पर फास्ट फूड्स की बढ़ी हुई मात्रा के साथ आहार में फलों-सब्जियों की कमी और गतिहीन जीवनशैली की आदतों के चलते इस रोग के विकसित होने का खतरा और भी बढ़ गया है।



### हार्ट-डायबिटीज की तरह ही गंभीर है ये बीमारी

स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने कहा, इस बीमारी को डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर और मेटाबॉलिज्म से संबंधित अन्य समस्याओं की तरह से गंभीरता से देखा जाना चाहिए। हालांकि दुर्भाग्यवश फिलहाल हमारे पास फैटी लिवर की समस्या के लिए वर्तमान में न तो कोई विशिष्ट दवा है न ही कोई उपचार। बड़ी संख्या में युवा तेजी से इसके शिकार होते जा रहे हैं, लिवर की इस बीमारी के कई गंभीर दुष्प्रभाव हो सकते हैं जिसको लेकर सभी लोगों को सावधान रहना चाहिए।

### एनएएफएलडी से सभी लोगों को करना चाहिए बचाव



डॉक्टर्स कहते हैं, तेजी से बढ़ते इस नए स्वास्थ्य जोखिम से बचने का एकमात्र तरीका स्वस्थ जीवनशैली को अपनाना और आहार को स्वस्थ रखना है। ऐसा करके हम इन स्वास्थ्य समस्याओं के जोखिमों को भी कंट्रोल कर सकेंगे जो इस रोग को बढ़ाने वाले हो सकते हैं। अध्ययनकर्ताओं ने पाया कि शराब का सेवन करना, मोटापा और शारीरिक निष्क्रियता के कारण भी इस रोग का खतरा बढ़ रहा है, हमें इस दिशा में भी विशेष सुधार की आवश्यकता है। लिवर की इस बीमारी का बढ़ना गंभीर स्वास्थ्य संकेत हो सकता है।

# आर्थिक तंगी से हैं परेशान, तो जरूर करें धन प्राप्ति के ये उपाय

कहते हैं कि जिस जातक पर मां लक्ष्मी की कृपा होती है, उसके सभी काम बनने लगते हैं। वहीं कुछ लोग इस दौरान धन से जुड़े उपाय भी करते हैं, जो आर्थिक संकट से छुटकारा दिलाते हैं। कई बार धन खर्च की अधिकता होने के कारण पैसों से संबंधित समस्याओं का सामना करना पड़ता है। समस्याओं का स्तर बढ़ने के कारण व्यक्ति तनाव से घिरने लगता है, जो उसके वर्तमान को प्रभावित करती हैं। ऐसे में धन से जुड़े कुछ उपाय को करने से समस्याओं का निवारण किया जा सकता है। इसी कड़ी में आइए धन प्राप्ति के कुछ उपाय के बारे में जान लेते हैं।



### धन प्राप्ति के उपाय

धन से जुड़ी समस्याओं का निवारण करने के लिए आप एक पीपल के पत्ते पर लाल सिंदूर से ॐ लिखें। इसके बाद उस पत्ते को तिजोरी में रख दें। मान्यता है ऐसा करने से आर्थिक समस्याओं से छुटकारा मिलता है। साथ ही परिवार से दरिद्रता दूर होने लगती है।

किसी भी मांगलिक कार्यक्रम में सुपारी को पूजा सामग्री में जरूर शामिल किया जाता है। ऐसे में पूजा में उपयोग की गई उस सुपारी को तिजोरी में रख दें। इससे मां लक्ष्मी की कृपा बरसती है और धन से जुड़ी दिक्कतें दूर होने लगती है।

अक्सर मांगलिक कार्यों में हल्दी की गांठ का उपयोग किया जाता है। इसे धार्मिक दृष्टि से बहुत शुभ माना जाता है। कहते हैं कि तिजोरी में हल्दी की गांठ को पीले कपड़े में बाधकर रखने से जीवन में सुख-समृद्धि आती है। साथ ही घर में बरकत होती है।

यदि आप धन संबंधी समस्याओं का सामना कर रहे हैं, तो प्रतिदिन ब्रह्म मुहूर्त में स्नान करें। इसके बाद सूर्योदय के समय 11 बार लक्ष्मी सूक्त और श्री सूक्त का पाठ करें। मान्यता है कि ऐसा लगातार 108 दिनों तक करने से धन संबंधी सभी परेशानियों का निवारण होता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार अशोक वृक्ष की थोड़ी सी जड़ को यदि तिजोरी में रख दें, तो धन का आगमन बना रहता है।

### लक्ष्मी जी को प्रसन्न करने का मंत्र

ॐ महालक्ष्म्यै नमो नमः । ॐ विष्णुप्रियायै नमो नमः ।।
ॐ धनप्रदायै नमो नमः । ॐ विश्वजन्यै नमो नमः ।।
लक्ष्मी जी का बीज मंत्र
ॐ श्रींह्रीं श्रीं कमले कमलालये प्रसीद प्रसीद श्रीं ह्रीं श्रीं ॐ महालक्ष्मी नमः।।
श्री लक्ष्मी महामंत्र
ॐ श्रीं ल्कीं महालक्ष्मी महालक्ष्मी एह्येहि सर्व सौभाग्यं देहि मे स्वाहा।।

# कभी लौकी का डोसा बनाकर देखिए, बच्चे भी खाएंगे शौक से



जब भी हम कुछ बनाते हैं तो ये कोशिश करते हैं कि घर के बड़े से लेकर बच्चे तक से काफी चाव से खाएं। बड़े तो सब कुछ खा लेते हैं लेकिन बच्चों को कुछ भी खिलाने में काफी परेशानी होती है। बच्चे चाहे कितनी बड़े हो जाएं लेकिन खाने को लेकर इनके नखरे हमेशा होते हैं। खासकर जब बात आती है सब्जी खाने की तो बच्चे इससे दूर भागते हैं। अगर उनके मन की सब्जी बनी हो तब तो ठीक है लेकिन लौकी और तोरई जैसी सब्जी तो शायद ही किसी बच्चे को पसंद होगी।

इन्हीं नखरों को देखते हुए आज हम आपको एक ऐसी डिश के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसे खाकर आपके बच्चे भी खुश हो जाएंगे और उन्हें पता भी नहीं लगेगा कि ये डिश लौकी से बनी है। दरअसल, आज के लेख में हम आपको लौकी का डोसा बनाना बताने जा रहे हैं, ताकि आप अपने बच्चे को हेल्दी और स्वादिष्ट पकवान घर पर बना कर खिला सकें।

**विधिः** सबसे पहले लौकी को छीलकर और कद्दूकस कर लीजिए। अगर लौकी में ज्यादा पानी है, तो थोड़ा सा प्रेस करके पानी निकाल दीजिए। अब एक बड़े बाउल में कद्दूकस की हुई लौकी, चावल का आटा, सूजी, दही, हरी मिर्च, हरा धनिया, हल्दी पाउडर, लाल मिर्च पाउडर, और नमक को मिलाकर अच्छे से मिलाइए। इसके बाद इस बैटर में थोड़ा-थोड़ा पानी डालकर इसे तैयार करें। बैटर को रेस्ट करने के लिए 15-20 मिनट तक छोड़ दीजिए। इसके बाद एक नॉनस्टिक डोसा तवा को मध्यम आंच पर गरम करें और उसे थोड़ा-थोड़ा करके तेल से लगाइए। अब तवे पर इस बैटर से डोसा बनाएं। वह सुनहरा और कुरकुरा हो जाए, तो उसे पलट दीजिए और दूसरी ओर से भी सेक लें।



# लंबाई नहीं बढ़ रही तो मदद कर सकता है योगासन

अपनी टीनेज में हर इंसान एक न एक बार हाइट बढ़ाने के लिए जरूर परेशान होता है। ऐसा इसलिए भी होता है क्योंकि, लंबे लोग हमें ज्यादा अपीलिंग लगते हैं। ये बात कई स्टडी में भी सही साबित हुई है।

एक स्टडी के अनुसार, अच्छी हाइट/ऊंचाई न केवल शारीरिक लाभ प्रदान करती है बल्कि सकारात्मक दृष्टिकोण और हाई आईक्यू से भी इसका सीधा संबंध होता है। आपकी लंबाई आपके आनुवंशिक मेकअप, एक्सरसाइज, पोषण और पर्यावरण की स्थिति जैसे अन्य फैक्टर्स से भी निर्धारित होती है। हाइट टीनेज के दौरान सबसे तेजी से बढ़ती है। आमतौर पर टीनेज के पूरा होने या 21 वर्ष की उम्र के बाद बंद हो जाती है। यदि आप अपनी टीनेज के दौरान हाइट में मीडियम या कम ग्रोथ का अनुभव कर रहे हैं और अपनी ऊंचाई बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं, तो आपने सही आर्टिकल को पढ़ना शुरू किया है।

आप योग का अभ्यास करके एक लंबा फ्रेम हासिल कर सकते हैं। योग का अभ्यास करने से आपको आराम मिलेगा और आपको भावनात्मक और मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। कुछ आसान योग आसन का नियमित अभ्यास आपके शरीर को खिंचाव देंगा और लचीलापन बढ़ाने में मदद कर सकता है। योग करने से आपके कंकाल या हड्डियों की ऊंचाई नहीं बढ़ेगी, जो कि अधिकांश सिर्फ 20 साल की



उम्र तक बढ़ती है, इसके बाद तो बिल्कुल नहीं बढ़ेगी।

आनुवंशिकी, लाइफस्टाइल फैक्टर्स और पोषण आपकी हाइट निर्धारित करते हैं। यहां तक कि अगर आप अपनी रीढ़ में डिस्क के कंप्रेशन को कम करके अपनी ऊंचाई को थोड़ा बढ़ाने की कोशिश करते हैं, तो भी ज्यादा परिवर्तन नहीं होगा। हालांकि, आपकी रोजमर्रा की एक्टिविटीज के आधार पर नतीजे अलग हो सकते हैं। जैसे,

### योग से पोश्चर अच्छा होता है

हालांकि, योग ताकतवर मांसपेशियों का निर्माण कर सकता है, जो अच्छी पोश्चर को सपोर्ट कर सकता है। अपनी रीढ़ को लंबा करने और अपनी मुद्रा सुधारने के बाद आप पहले से लंबे दिखाई दे सकते हैं। आप कुछ ही समय में अंतर को महसूस कर सकते हैं

अधिक सीधी स्थिति बनाए रखने से आपका शरीर कुछ इंच ऊपर उठ सकता है। आप विशेष रूप से अपने ऊपरी शरीर में इस विस्तार को महसूस कर सकते हैं, हालांकि आपका निचला शरीर अभी भी एक भूमिका निभाता है।

### योग ब्रीदिंग में सजगता को बढ़ाता है

योग का अभ्यास ब्रीदिंग में जागरूकता पैदा करने में मदद करता है। जैसा कि आप पूरे दिन अपनी सांस पर ध्यान केंद्रित करना सीखते हैं, आप स्वाभाविक रूप से अच्छी मुद्रा बनाए रख सकते हैं ताकि आप अपनी अधिकतम क्षमता से सांस ले सकें। आप यह भी पा सकते हैं कि सांस की जागरूकता और बेहतर मुद्रा का संयोजन आपको अधिक ऊर्जा देता है।



रायपुर बाजार
Contact For Advertisement 79871 19756 90981 38778

पैसा चाहिए? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

मैट्रेस (गद्दा) 30% से 50% लेस | पुराना गद्दा लाये, नया ले जाये
चादरे 9x9 400 से 1000 तक | कम्बल रजाई कम्फर्ट दोहड़ | सोफा कमबेड प्रोटेक्टर | सोफा कव्हर रूई गद्दा | टावेल तकिया | रजाई-गद्दा कव्हर
संजय रूई भंडार | निराकांरी फर्नीचर के पीछे, कांच घर गोडाऊन के पास, पंडरी रायपुर 9827976266, 7987918262

दुकान एक कुलर अनेक
कूलर हाउस
आकाश जैन - 98261-64650,
रतन जैन - 98271-29211
सिटी कोटवाली, नगर निगम के पास, गांधी चौक, रायपुर
Mango COMMERCIAL COOLER
हॉल, वर्कशॉप गोडाऊन, लॉन, मैरिज हॉल, किराया भंडार के लिये

अंकित बाउण्ड्रीवॉल
प्रिकास्ट, ब्रिक्स बाउण्ड्रीवाल, डी.पी. सी पोल फेसिंग करवाने हेतु संपर्क करें ।
V.I.P. रोड रायपुर
98279-59655
अब आपके बेशकीमती प्लाट को सुरक्षित रखना हुआ आसान

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'कराटे किड लीजेंड्स' में जैकी चैन के साथ राल्फ मैकियो भी आएंगे नजर



मशहूर 'कराटे किड' फ्रेंचाइजी एक बार फिर बड़े पर्दे पर धमाल मचाने को तैयार है। नई फिल्म 'कराटे किडः लीजेंड्स' का ऑफिशियल ट्रेलर सोनी ने रिलीज कर दिया है। इस फिल्म में पुराने हीरो राल्फ मैकियो फिर से डेनियल लारूसो की भूमिका में नजर आएंगे। वह साल1984 की मूल फिल्म का हिस्सा थे। वहीं, इस फिल्म में उनके साथ जैकी चैन भी होंगे, जो 2010 की रीमेक फिल्म में मिस्टर हान बने थे।

इस फिल्म के नए ट्रेलर ने खबर लिखे जाने तक सात लाख 44 हजाह से ज्यादा व्यूज बटोर लिए हैं। फिल्म की कहानी 'कोबरा काई' के आखिरी सीजन के तीन साल बाद की है। फिल्म में बेन वांग एक युवा कुंग फू फाइटर ली फॉन्ग का किरदार निभा रहे हैं। परिवार में एक दुखद घटना के बाद ली अपनी मां के साथ बीजिंग से न्यूयॉर्क शहर चला आता है। नई जगह पर उसे स्कूल में मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। वह झगड़ों से बचने की कोशिश करता है, लेकिन हालात उसे मजबूर कर देते हैं। जब उसका दोस्त मुसीबत में फंसता है तो ली एक कराटे प्रतियोगिता में हिस्सा लेने का फैसला करता है।

हालांकि, ली के कुंग फू स्किल्स अकेले काफी नहीं हैं। उसे तैयार करने के लिए मिस्टर हान (जैकी चैन) अपने पुराने दोस्त डेनियल लारूसो (राल्फ मैकियो) की मदद लेते हैं। दोनों मिलकर ली को ट्रेनिंग देते हैं और कराटे व कुंग फू को मिलाकर एक नया स्टाइल बनाते हैं। ट्रेलर के आखिर में डेनियल ली से कहते हैं, ₹याद रखो, तुम किस लिए लड़ रहे हो। जब यह समझ आ जाएगा तो तुम तैयार हो जाओगे।

### टॉलीवुड

## दिनेश की फिल्म में फहद फासिल की एंट्री, कई अभिनेता आएंगे नजर



दक्षिण के सुपर स्टार फहद फासिल जल्द ही शोभिता धुलिपाला के साथ एक तमिल फिल्म में नजर आएंगे। इस फिल्म में उनका बेहद ही खास रोल होगा। उनके साथ इस फिल्म में कई अभिनेता नजर आएंगे।

शोभिता धुलिपाला ने कई हिंदी, तेलुगु, मलयालम और तमिल फिल्मों में काम किया है, जिनमें ₹गुडाचारी₹ से लेकर ₹मेजर₹, ₹पोन्नियिन सेलवन 1₹, ₹पोन्नियिन सेलवन 2₹ और ₹द नाइट मैनेजर₹ जैसी फिल्में और सीरीज शामिल हैं। अब वहीं शोभिता एक और अनाम तमिल फिल्म के लिए कमर कस रही हैं, जिसमें उनके साथ कई अभिनेताओं की टुकड़ी नजर आएगी। शोभिता धुलिपाला तमिल मशहूर डायरेक्टर पा. रंजीत की नई फिल्म में महत्वपूर्ण किरदार में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म में दिनेश मुख्य अभिनेता होंगे और आर्या विलेन का किरदार निभाएंगे। अभी इस फिल्म का नाम तय नहीं हुआ है, लेकिन इसमें अशोक सेलवन और फहाद फासिल जैसे कलाकार भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।

शोभिता धुलिपाला एक भारतीय सुपरमॉडल, पूर्व मिस अर्थ इंडिया और अभिनेत्री हैं, जिन्होंने हिंदी, मलयालम, तमिल और तेलुगु फिल्मों में काम किया है। शोभिता ने इकोनॉमिक्स में मास्टर्स की डिग्री ली है। मॉडलिंग से शोभिता ने अपना करियर शुरू किया था। 2013 में उन्होंने मिस इंडिया अर्थ का खिताब जीता था। शोभिता को 2016 में बॉलीवुड फिल्म 'रमन राघव 2.0' में अभिनय किया।

### भोजपुरी

## जबरदस्त वीएफएक्स और धुआंधार एक्शन के साथ 'भाईजान' का ऐलान



भोजपुरी सिनेमा की प्रोडक्शन कंपनी रेणु विजय फिल्म्स एंटरटेनमेंट ने ईद के अवसर पर अपनी नई फिल्म 'भाईजान' का ऐलान किया है। यह फिल्म इस प्रोडक्शन का एक प्रोजेक्ट है, जिसमें तगड़े एक्शन सीन्स और अनूठी कहानी का दावा किया जा रहा है। इस फिल्म के प्रोड्यूसर निशांत उज्जवल हैं। फिल्म की शूटिंग जून 2025 से शुरू होगी।

निशांत उज्जवल ने कहा, 'भोजपुरी फिल्म 'भाईजान' भोजपुरी सिनेमा के लिए एक नई मिसाल कायम करेगी। हम दर्शकों को कुछ अलग और यादगार देने जा रहे हैं। फिल्म की तैयारियां जोरों पर हैं और हम जल्द ही मुख्य कलाकारों के नाम की घोषणा करेंगे। उन्होंने बताया कि यह फिल्म भोजपुरी सिनेमा में नए बेंचमार्क स्थापित करेगी। निशांत उज्जवल ने कहा, ₹'भाईजान' सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि भोजपुरी सिनेमा के लिए हमारा विजन है। हम इस प्रोजेक्ट पर पिछले एक साल से काम कर रहे हैं और इसे पूरी तरह से नए फॉर्मेट में पेश करेंगे।'

फिल्म में दर्शकों को रोमांचक एक्शन सीन्स, मनोरंजन से भरपूर कहानी, भोजपुरी संस्कृति की झलक और हाई टेक्नोलॉजी वाले विजुअल इफेक्ट्स दिखेंगे। यह फिल्म भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री को नई ऊंचाइयों पर ले जाने वाले प्रोजेक्ट के रूप में देखी जा रही है। रेणु विजय फिल्म्स की यह पहल भोजपुरी सिनेमा के विकास में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। ऐसे में देखना होगा कि फिल्म जब रिलीज होगी तो बॉक्स ऑफिस पर कैसा परफॉर्म करेगी।



## टाई-डाई की वापसी

60 का दशक रंग और व्यक्तित्व के उत्सव के लिए जाना जाता था। तब टाई-डाई ट्रेंड में था। टाई-डाई एक ऐसी कला है जिसमें कपड़े पर अनोखे डिज़ाइन बनाने के लिए धागे के विभिन्न रंगों का उपयोग किया जाता है। अब इस नए दौर में यह ट्रेंड फिर एक बार जोर पकड़ रहा है। टाई-डाई तब व्यक्तित्व को जाहिर करने का एक बेबाक उत्सव था, जिसमें प्रत्येक पैटर्न उतना ही अनूठा था जितना कि उसे पहनने वाला व्यक्ति। अब फिर से इसकी धूम मची है।

## इलेक्ट्रिक स्कैल्प मसाजर इस्तेमाल करने से पहले जान लें नफा-नुकसान



आजकल लंबे और घने बालों के लिए महिलाएं कई तरह के तेल और हेयर मास्क लगाती हैं या फिर कोई थेरेपी लेती हैं। लेकिन आप 'इलेक्ट्रिक स्कैल्प मसाजर' का इस्तेमाल कर सकती हैं।

बाजार में अलग-अलग तरीके के स्कैल्प मसाजर मिलते हैं, लेकिन इलेक्ट्रिक स्कैल्प मसाजर सबसे बेहतर हैं। ये मसाजर रिचार्जेबल लिथियम और आयन बैटरी से चलते हैं, इसलिए उपयोग करने के लिए इन्हें प्लग-इन करने की कोई आवश्यकता नहीं होती। नरम सिलिकॉन से बना यह मसाजर बालों को खींचने या उलझने से रोकता है और त्वचा को चोट पहुंचाए बिना आपको आराम पहुंचाता है। इसमें छोटे-छोटे मोशन और वाइब्रेशन करने वाले उपकरण लगे होते हैं, जो सिर की त्वचा पर हल्के दबाव से मसाज कर मांसपेशियों को रिलैक्स करते हैं।

लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज, दिल्ली के सीनियर रेजिडेंट, त्वचा विज्ञान विभाग डॉ. अमित कुमार मीणा का कहना है कि इलेक्ट्रिक स्कैल्प मसाजर बालों के विकास के लिए लाभकारी हैं। इससे बालों को ऑक्सीजन और न्यूट्रिएंट्स मिलते हैं, लेकिन ज्यादा इस्तेमाल से सिर में खुजली हो सकती है और बाल झड़ने की समस्या बढ़ सकती है। अगर आपको बालों से जुड़ी कोई बड़ी समस्या है तो पहले आप अपने डॉक्टर से सलाह लें और उनकी सलाह पर ही इसका इस्तेमाल करें। अगर आपको कैंसर या एपिलेप्सी की परेशानी है तो लगातार स्कैल्प मसाजर का इस्तेमाल न करें। वहीं अगर आपको स्कैल्प में कोई सूजन, गांठ या कहीं कोई कट लगा है तो मसाजर का इस्तेमाल करने से परहेज करें। यह आपकी परेशानी को बढ़ा सकता है।

## गर्मियों में खूब फबेगी चिकनकारी कुर्ती बस इसे सही तरीके से करना है स्टाइल



3 गर्मी का मौसम शुरू हो गया है। ऐसे में पुरुषों के साथ-साथ महिलाएं इस मौसम में इस बात को लेकर काफी परेशान रहती हैं कि वो ऐसा क्या पहनें, जिसे पहनकर स्टाइलिश भी दिखें और उन्हें गर्मी भी न लगे। ऐसे में महिलाओं के लिए सबसे सही विकल्प माना जाता है चिकनकारी कुर्ती। ये देखने में भी काफी अच्छी लगती है और इसे पहनकर लुक भी अच्छा दिखता है।



खासतौर पर यदि इसे सही तरह से स्टाइल किया जाए तो आपका लुक और भी ज्यादा अच्छा दिख सकता है। यहां हम आपको इसी बारे में जानकारी देने जा रहे हैं, कि आप चिकनकारी कुर्ती को कैसे स्टाइल कर सकती हैं।

### सही होनी चाहिए फिटिंग

यदि आप चिकनकारी कुर्ती कैरी करना चाहती हैं तो उसकी फिटिंग का खास ध्यान रखें। यदि आपकी चिकनकारी कुर्ती ढीली या फिर टाइट होगी, तो इससे आपका लुक ही खराब दिखेगा। ऐसे में अपनी कुर्ती को सही से फिटिंग के बाद ही पहनें।

### जींस के साथ लगेगी प्यारी

यदि आप ऑफिस में चिकनकारी कुर्ती कैरी करना चाहती हैं तो उसके साथ जींस कैरी कर सकती हैं। जींस के साथ कुर्ती पहनकर आपका अंदाज काफी प्यारा लगेगा। खासतौर पर यदि आप आरामदायक लुक कैरी करना चाहती हैं तो जींस के साथ चिकनकारी कुर्ती कैरी कर सकती हैं।

### प्लाजो के साथ लगेगी प्यारी

यदि आप इसके साथ जींस कैरी नहीं करना चाहती हैं तो प्लाजो पहनें। प्लाजो के साथ यदि आप चिकनकारी कुर्ती कैरी करती हैं तो इसे पहनकर आपका लुक एकदम एथनिक लगेगा।

### हल्के रंग का चयन करें

चिकनकारी कुर्ती खरीदते समय ध्यान रखें कि इसे हमेशा हल्के रंग में ही पहना जाता है। हल्के रंग की चिकनकारी कुर्ती गर्मी के मौसम में आपको सहज रहने में भी मदद करेगी और इसे पहनकर आपको गर्मी भी नहीं लगेगी।

## हर समय नेल पॉलिश लगाकर रखना नाखूनों के लिए गलत



यदि आप हर समय नेल पॉलिश लगाकर रखती हैं तो पहले इसके नुकसान जान लें। जिस तरह से चेहरे की खूबसूरती को बढ़ाने के लिए मेकअप का इस्तेमाल होता है, ठीक उसी तरह से हाथों की खूबसूरती को बढ़ाने के लिए महिलाएं नाखूनों पर नेल पॉलिश का इस्तेमाल करती हैं। आजकल तो बाजार में कई प्रकार की नेल पॉलिश मिलती है, जो देखने में काफी अलग और खूबसूरत लगती हैं। पर, क्या आप जानती हैं कि नेल पॉलिश के इस्तेमाल से नाखूनों को काफी नुकसान पहुंचता है।

भले ही आप कितनी भी अच्छी क्लाविटी की नेल पॉलिश इस्तेमाल करें, लेकिन वो नाखूनों को डैमेज कर ही जाती है। बहुत से लोगों को इस बारे में जानकारी नहीं है, इसी के चलते आज हम यहां आपको नेल पॉलिश लगाने के नुकसानों के बारे में बताने जा रहे हैं।

### नाखूनों को नहीं मिलता सांस लेने का समय

यदि आप लगातार नाखूनों पर नेल पॉलिश लगाकर रखेंगी तो इससे नाखूनों को सांस लेने का समय नहीं मिलेगा। इसकी वजह से नाखून कमजोर होने लगते हैं। ध्यान रखें कि यदि आप नाखूनों को थोड़ा बिना नेल पॉलिश के रखेंगी तो इससे वो प्राकृतिक रूप से स्वस्थ्य रहेंगे।

### नाखून होंगे ड्राई

लगातार नेल पॉलिश के इस्तेमाल करने से आपके नाखूनों की नमी कम होने लगेगी। ऐसा इसलिए क्योंकि कई तरह की नेल पॉलिश में केमिकल्स जैसे टोल्यून, फॉर्मल्डेहाइड आदि तत्व पाए जाते हैं, जो नाखूनों को काफी नुकसान पहुंचाते हैं। इससे नाखूनों की नमी खत्म होने लगती है, जिस वजह से वो अपने आप ही टूटने लगते हैं।

## गर्मी में चेहरे पर कौन सी क्रीम लगानी चाहिए, आपके लिए जानना जरूरी



गर्मियों का मौसम शुरू हो गया है। ऐसे में इस मौसम में त्वचा का सही से ध्यान रखना बेहद जरूरी हो जाता है। यदि इस मौसम में सही स्किन केयर प्रोडक्ट का इस्तेमाल न किया जाए तो चेहरा काफी चिपचिप करता है। इसी वजह से हर कोई अपने चेहरे का खास ध्यान रखता है। बहुत से लोग पूरी गर्मी इसी डाउट में रहते हैं कि वो किस तरह की क्रीम लगा सकते हैं, क्योंकि किसी भी तरह की क्रीम के इस्तेमाल से चेहरा चिपचिपाता ही है। इसी के चलते आज हम आपको बताएंगे कि आप कैसी क्रीम का इस्तेमाल गर्मी के मौसम में कर सकते हैं। दरअसल, कुछ क्रीम ऐसी होती हैं, जिनका इस्तेमाल गर्मी के मौसम में करना जरूरी हो जाता है। इसलिए आप भी इसका इस्तेमाल करें और अपनी त्वचा को ग्लोइंग बनाएं।

### हाइड्रेशन प्रदान करने वाली क्रीम

चाहे आपकी त्वचा ड्राई हो या फिर ऑयली, आपको हमेशा ऐसी क्रीम का इस्तेमाल करना चाहिए, जो त्वचा को हाइड्रेट रखे। दरअसल, इस मौसम में शरीर के साथ-साथ त्वचा भी डिहाइड्रेट हो जाती है, ऐसे में ऐसी क्रीम का इस्तेमाल करें जो डिहाइड्रेशन दूर करे। बस ध्यान रखें कि आपकी ये क्रीम ऑयली नहीं होनी चाहिए। ये जेल बेस्ड होगी तो त्वचा चिपचिपी नहीं होगी।

### 40 एसपीएफ वाली सनस्क्रीन

गर्मियों के मौसम में त्वचा को धूप की हानिकारक किरणों से बचाना भी बेहद जरूरी है। इसके लिए आप 40 या 50 एसपीएफ वाली सनस्क्रीन का इस्तेमाल कर सकते हैं।

**कार्नर न्यूज**

### फैशन के नाम पर नो मेकअप भी पसंद करती हैं लड़कियां

## नो मेकअप लुक कैरी करते समय रखें इन बातों का ध्यान, वरना लगेंगी बेहद अजीब

शायद ही कोई ऐसी लड़की होगी, जिसे मेकअप करना पसंद नहीं होगा। अभी जब गर्मी का मौसम है, तो लड़कियां नो मेकअप लुक कैरी करना पसंद करती हैं। पर, कई बार नो मेकअप लुक कैरी करते समय वो कुछ ऐसी गलतियां कर देती हैं, जिस वजह से उनका लुक बिगड़ जाता है। ऐसे में हम आपको कुछ ऐसी टिप्स देने जा रहे हैं, जिनका ध्यान आपको नो मेकअप लुक कैरी करते समय रखना चाहिए।

### हैवी बेस की जरूरत नहीं

यदि आप नो मेकअप लुक कैरी कर रही हैं तो ध्यान रखें कि आपको किसी तरह के हैवी बेस की जरूरत नहीं है। नो मेकअप लुक को कैरी करते समय सिर्फ बीबी या सीसी क्रीम का इस्तेमाल करें। ये आपकी त्वचा की रंगत को समान बनाए रखेगा और हल्का सा कवरेज भी देगा।

### स्किन टोन का ध्यान जरूर रखें


यदि आप नो मेकअप लुक कैरी करना चाहते हैं तो इसमें जो भी



मेकअप प्रोडक्ट इस्तेमाल करें, वो आपकी स्किन टोन के होने चाहिए। गलत शेड्स या ओवर-मैचिंग से यह लुक नाजुक या अजीब लग सकता है।

### डार्क हैवी ब्लश इस्तेमाल नहीं करें

अब ब्लश का इस्तेमाल करते समय इस बात का ध्यान रखें कि हैवी ब्लश आपके नो मेकअप लुक को बिगाड़ सकता है। इसलिए कोशिश करें कि ब्लश आपकी स्किन टोन के हिसाब से ही हो, ताकि आपका लुक नेचुरल



लगे। ज्यादा डार्क ब्लश आपके लुक को बिगाड़ सकता है।

### लाइनर से रहें दूर

अपने नो मेकअप लुक के साथ यदि काजल लगा रही हैं तो उसे सही से स्मज कर लें। इसके अलावा डार्क आईशैडो की जगह हमेशा ऐसी आईशैडो इस्तेमाल करें जो न्यूड शेड में हो। इसके इस्तेमाल से पहले आंखों के ऊपर कंसीलर का इस्तेमाल कर लें, ताकि आपका लुक अच्छा दिखे। नो मेकअप लुक में आपको आई लाइनर की जरूरत नहीं है।

### बोल्ड लिप्स को करें बाय

भले ही आपको कितने भी बोल्ड लिप्स पसंद हों लेकिन नो मेकअप लुक के साथ लिप्स को लाइट ही रखें। इसके लिए न्यूड शेड वाली लिपस्टिक इस्तेमाल करें। नो मेकअप लुक में यदि आप डार्क शेड की लिपस्टिक लगाएंगी तो आपका लुक बिगड़ जाएगा।